


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239

वर्ष- 15 अंक - 72 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 25 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा पर मुठभेड़, ढेर हुए तीन नक्सली

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। रविवार शाम को दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा पर पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी इस दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। सर्चिंग के दौरान जवानों ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य पुलिस की दोनों इकाइयों, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने दंतेवाड़ा-सुकमा अंतर-जिला सीमा पर तुमकपाल पुलिस शिविर से डब्बाकुन्ना की ओर अभियान शुरू किया था। इस दौरान तुमकपाल और डब्बाकुन्ना के बीच जंगली पहाड़ी पर गोलीबारी शुरू हो गई। जवानो ने मोर्चा संभाला और इसके बाद नक्सली वहां से भाग गए। गोलीबारी रुकने के बाद सर्चिंग के दौरान मौके से वर्दी पहने तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए। साथ ही मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार भी बरामद किये गये हैं। फिलहाल मृत तीनों नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस व सुरक्षाबलों की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है।

### कोरोना के नए वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता: भारत में बढ़ी कोरोना संक्रमितों की संख्या, सक्रिय केस 4000 के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमित मरीज देश में लगातार बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में देशभर में एक्टिव कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 4054 तक पहुंच गया है। एक दिन पहले एक्टिव मामले 3742 रिपोर्ट किए गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में केवल एक मरीज की मौत हुई है। महाराष्ट्र के ठाणे में कोविड-19 के नए सब वैरिएंट- जेएन.1 के पांच मामले सामने आए हैं। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में कुल 628 मामले आए हैं। इसमें संक्रमण मुक्त हुए 315 लोगों की संख्या भी शामिल है।

#### कोरोना से अब तक कितने लोगों की मौत?

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सोमवार सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक एक्टिव मामले केरल में पाए गए हैं। यहां बीते 24 घंटे में 128 एक्टिव केस रिपोर्ट किए गए। इसी के साथ प्रदेश में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा तीन हजार से अधिक हो गया है। एक नए मरीज की मौत के साथ देशभर में कोरोना से मरने वाले मरीजों का आंकड़ा 5,33,334 तक जा पहुंचा है।

मोदी की गारंटी का दिखने लगा असर

# किसानों को मिला 2 साल का बकाया बोनस 3,716 करोड़ के भुगतान से खिले चेहरे



### स्थानीय निकायों में विविध आयोजन

सुशासन दिवस पर जिलों के साथ ही नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किए गए हैं। नगरीय निकायों में अटल जी की कविताओं का पाठ, विचार गोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किए गए। इस मौके पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सुशासन स्थापित करने का संकल्प किया। नगरीय निकायों, ग्राम और ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस से आगामी एक सप्ताह तक नियमित रूप से स्वच्छता अभियान का संचालन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य के सभी नगरीय निकायों में सुशासन दिवस के अवसर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में नगरीय निकायों में स्थापित अटल चौक में सुबह से कार्यक्रम आयोजित किए गए। अटल चौक में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा 'सुशासन स्थापित' करने का संकल्प लिया। वहीं, अटल संध्या का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत कवि सम्मेलन, अटल जी की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा आदि होंगे। इसी प्रकार प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत आदि कार्य किए गए। अटल चौक पर सुबह अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के पश्चात सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

**₹3716 करोड़**
**किसानों को धान बोनस भुगतान**

### प्रदेशभर में मनाया जा रहा सुशासन दिवस

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों में मनाई जा रही है। सुशासन दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रायपुर जिले के विकासखण्ड अभनपुर के ग्राम बेन्द्री में आयोजित है। जहां राज्य के किसानों को दो वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान किया जा रहा है। सुशासन दिवस के अवसर पर राजधानी के नालंदा परिसर में जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 31 दिसंबर तक होगा। छायाचित्र प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की छत्तीसगढ़ से जुड़ी सुंदर स्मृतियों को संजोती हुई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित होते छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की झलकी दिखाई गई है। इस मौके पर राजधानी के दीनदयाल ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**रायपुर।** भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 लाख किसानों के चेहरे खिल उठे। इस दिन को पूरे राज्य में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों को आज ही 2 साल के बकाया बोनस के रूप में 3,716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपयों का भुगतान किया गया। राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन रायपुर जिले के विकासखंड अभनपुर के ग्राम बेन्द्री में किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बकाया बोनस वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा समेत अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर किसानों को खरीफविपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के बकाया धान की बोनस वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शासन की ओर से इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी पहले पूरी कर ली गई थी। प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बेन्द्री में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कृषक हित में उठाए जाने वाले कदमों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज से किसानों को धान के बकाया बोनस अभियान की शुरूआत हो रही है। यह दरअसल मोदी की गारंटी की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में जो भी वायदे किए हैं, उसे राज्य सरकार पूरा करेगी।

गौरतलब है कि सहकारी समितियों में वर्तमान में प्रति एकड़ 21 क्विंटल की हिसाब से धान खरीदी की जा रही है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी खरीदी केंद्रों में बेहतर और पर्याप्त इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में किसानों को पतले धान पर 2203 रुपये व मोटे धान पर 2183 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर भुगतान किया जा रहा है। 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी पर अभी भी संशय बना हुआ है। राज्य सरकार ने 3100 रुपये की दर से धान खरीदी का आदेश जारी नहीं किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अधिकारियों के मुताबिक, किसानों को प्रति क्विंटल 300 रुपये के बोनस का भुगतान किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2014-15 व 2015-16 में बेचे गए कुल धान पर यह भुगतान होगा। उस समय प्रति एकड़ अधिकतम धान खरीदी की सीमा 14.80 क्विंटल थी। इस हिसाब से प्रति एकड़ 4,440 रुपये का फायदा किसानों को पहुंचेगा। दो साल में प्रति एकड़ बोनस की राशि 8,880 रुपये होगी।

#### समृद्ध और भयमुक्त होगा छत्तीसगढ़

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार है, इसलिए छत्तीसगढ़ के विकास के लिए संसाधनों की कमी नहीं होगी। केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग छत्तीसगढ़ को मिलेगा। दिल्ली में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलकर लौटे साय ने कहा कि सभी ने समृद्ध और भयमुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में भाजपा का वादा था कि छत्तीसगढ़ के करीब 12 लाख किसानों को दो साल का बोनस देंगे। किसानों के खाते में दो साल का बोनस भेजने की शुरूआत हो गई है। प्रदेश में लगातार हो रही नक्सली घटनाओं पर मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नक्सल समस्या को लेकर बातचीत हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने आश्वस्त किया है कि मजबूती के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।




### 100 फीट ऊंचाई से गिरता है पवई झरना, जिले का है प्रमुख पर्यटन स्थल, लग रही है सैलानियों की भीड़



**बलरामपुर का यह झरना जिले का है प्रमुख पर्यटन स्थल, लगती है सैलानियों की भीड़, लेकिन शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार**

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज जिला मुख्यालय से मात्र 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित दर्शनीय स्थल पवई झरना प्रमुख पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है। साल की विदाई और नए साल के स्वागत के लिए पवई झरने में सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है मगर इसके बावजूद यह स्थल प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम खड़िया डामर से लगे घने जंगल और पहाड़ के बीच पवई झरना है। यहां की नैसर्गिक खूबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है, यहां बलरामपुर जिले से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। वहीं दूसरे राज्यों से भी पिकनिक मनाने सैलानी पहुंच रहे हैं। पवई झरना चारों ओर से पहाड़ों से घिरा होने के कारण शाम जल्दी हो जाती है।

पवई झरना आकर्षण का केंद्र है, यहां करीब 100 फीट ऊंचाई से पानी गिरता है झरने के नीचे चनान नदी बहती है बुनियादी सुविधा विकसित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आज तक कोई पहल नहीं की गई। वन विभाग द्वारा थोड़ा बहुत यहां निर्माण कार्य सैलानियों की सुविधा के लिए कराया गया है। लेकिन यह भी नाकाफी है। पवई झरने तक जाने के लिए तीन छोटे नाले पार करके जाना पड़ता है, एक नाले से तो आसानी से चार चक्का वाहन पार हो जाता है वहीं दो नाला से पार करना मुश्किल होता है। तीनों नालों में पानी बह रहा है। प्रशासन को पहल कर आने जाने के रास्ते को ठीक करने की आवश्यकता है।



## संपादकीय

# कोरोना की चिंता

भारत में कोरोना फिर सिर उठाता लग रहा है, तो यह समय चिंता से ज्यादा सजगता का है। भारत में शनिवार को ही कोरोना के मरीजों की संख्या 3,400 के पार चली गई है। एक-एक दिन में 700 से ज्यादा मामलों का सामने आना यह बताता है कि भीड़भाड़ में लोगों को विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है। काफी दिनों बाद फिर कोरोना से लोगों की जान जाने लगी है। ध्यान रहे, देश में अब तक कोरोना से मौत के दर्ज मामले 5,33,332 हो गए हैं। देश में साढ़े चार करोड़ लोगों को अब तक कोरोना हो चुका है। ज्यादा चिंता कोविड-19 सबवेरिएंट जेएन-1 की है, शनिवार तक इस वायरस से पीड़ितों की संख्या 20 के पार चली गई थी। जाहिर है, स्वास्थ्य विभागों को वायरस को फैलने से रोकने के लिए जरूरी सावधानी बरतने के लिए मजबूर होना पड़ा है। केंद्रीय स्तर पर भी बैठकों का दौर चल रहा है। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों के स्तर पर भी वायरस की निगरानी पहले की तुलना में बढ़ा दी गई है और यह देखा जा रहा है कि वायरस का संचरण कैसे हो रहा है और मुकाबले के लिए किस स्तर के इंतजाम करने पड़ेंगे। वैसे यह अच्छी बात है कि कोरोना के नए सबवेरिएंट के मामले ज्यादा गंभीर नहीं हैं, लेकिन यह माना जा रहा है कि इसका संक्रमण तेजी से हो सकता है। विशेष रूप से पहले से अस्वस्थ लोगों को ज्यादा सावधान रहना होगा। नए कोविड सबवेरिएंट जेएन-1 के मामलों में वृद्धि के बाद, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने कहा है कि लोगों को घबराने की नहीं, बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। वैसे यह अनुमान पुराना है कि ऐसे वेरिएंट और लहरें आगे भी आएंगी, पर धीरे-धीरे मृत्यु दर और रुग्णता में कमी आती जाएगी। डेल्टा जैसा खतरनाक वेरिएंट नहीं आएगा, लेकिन बीमारी के वायरस मानव शरीर में मजबूती से जीवित रहने या रूप बदलने की कोशिश करेंगे। ऐसे में, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होगी, जीवन शैली अच्छी होगी, खान-पान सही होगा, ऐसे लोग बीमारी से आसानी से लड़ पाएंगे। यह नया वायरस ओमिक्रॉन वायरस के निकट का बताया जा रहा है और केंद्र सरकार के निर्देश पर अनेक राज्यों में इसके नमूने एकत्र किए जा रहे हैं। ज्यादा चिंता केरल और कर्नाटक में जताई जा रही है। कोरोना के ताजा आंकड़े भारत में बड़ी चिंता की बात नहीं हैं, वैसे यह ध्यान रखने की बात है कि दुनिया से कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। हर सप्ताह चार लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं और सर्वाधिक खराब स्थिति रूस की है। उसके बाद सिंगापुर और इटली का स्थान है। क्या इन देशों से आने वाले लोगों की विशेष निगरानी की जरूरत नहीं है? एयरपोर्ट पर जांच बढ़ाना गलत नहीं होगा। किसी यात्री को परेशान न किया जाए, लेकिन किसी मरीज को भीड़ में जाने से रोकना सही कदम है। यह बात छिपी नहीं है कि अर्थव्यवस्था में जब तेजी आई है, तो यात्राओं का पुराना दौर लौट आया है और विश्व स्तर पर बड़े पैमाने पर आवागमन हो रहा है। बीमारियों के भारत आने की आशंका भी बढ़ी है। चूंकि भारत यात्राओं का एक बड़ा केंद्र है, अत: यहां सावधानी ज्यादा जरूरी है। किसी भी प्रकार के लॉकडाउन के बारे में अब नहीं सोचा जा सकता, लेकिन सावधानी हमारी आदत में शुमार रहनी चाहिए। कोरोना के ताजा मामले हमारी चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी चेतावनी हैं कि हमें हमेशा तैयार रहना होगा और सार्वजनिक चिकित्सा व्यवस्था का चाक-चौबंद रहना ज्यादा जरूरी है।

“ कोरोना के ताजा आंकड़े भारत में बड़ी चिंता की बात नहीं हैं, वैसे यह ध्यान रखने की बात है कि दुनिया से कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। हर सप्ताह चार लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं और सर्वाधिक खराब स्थिति रूस की है।

## सांसद खुद निलंबित होना चाहते थे!

शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों के 146 सदस्य निलंबित हुए, जिनमें लोकसभा के एक सौ और राज्यसभा के 46 सांसद थे। अब भारतीय जनता पार्टी कह रही है कि सांसद खुद ही निलंबित होना चाहते थे। ऐसा नहीं है कि यह बात पार्टी के किसी राह चलते नेता ने कही है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि शुरुआत के कुछ सदस्यों को जरूर हमने निलंबित कराया लेकिन बाद में सांसद खुद ही आकर कहने लगे कि उन्हें भी बाहर जाना है इसलिए उनको भी निलंबित करा दिया जाए। सोचें, यह किस तरह का आरोप है? अगर कोई सासंद आकर कहेगा कि उसे बाहर जाना और निलंबित कर दिया जाए तो सदन से उसको निलंबित कर दिया जाएगा?

इसी तरह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वे चाहते थे कि आपराधिक कानूनों पर बहस के दौरान विपक्ष सदन में मौजूद रहे लेकिन विपक्षी सांसद सदन के बाहर मिमिक्री कर रहे थे। उनकी बातों से ऐसा लग रहा है, जैसे संसदीय कार्य मंत्री बाहर बैठे सांसदों को बुलाने गए थे लेकिन वे बहस में हिस्सा लेने नहीं आए और बाहर मिमिक्री करते रहे! सोचें, जब सांसदों को निलंबित करके सदन से निकाल दिया गया है तो फिर गृह मंत्री के यह कहने का क्या मतलब है कि हम चाहते थे कि विपक्ष बहस में शामिल हो? अगर चाहते थे कि विपक्ष बहस में शामिल हो तो उसे निलंबित नहीं करते! पीड़ित को आरोपी बनाने की सोच के तहत ही भाजपा ने दानिश अली के मामले में भी उनके ऊपर कई आरोप लगा दिए थे।

## कांग्रेस ने जिम्मेदारी तय नहीं की

उत्तर भारत के तीन राज्यों में चुनावी हार के बाद कांग्रेस की सर्वोच्च बॉडी सीडब्लुसी की बैठक हुई, लेकिन उसमें हार की जिम्मेदारी किसी पर तय नहीं की गई। इससे पहले राज्यवार समीक्षा हुई थी। खुद सोनिया गांधी ने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बुधवार को कहा था कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहले राउंड की समीक्षा बैठक की है। इन बैठकों में राहुल गांधी भी शामिल होते थे। तभी जब राज्यवार समीक्षा के बाद कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुलाई गई तो समझा जा रहा था कि पार्टी जिम्मेदारी तय करेगी और कुछ सख्त फैसले करेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कार्य समिति की बैठक में मध्य प्रदेश की हार के लिए पूरी तरह से कमलनाथ और आंशिक रूप से दिग्विजय सिंह को जिम्मेदार ठहराया गया। इन दोनों नेताओं पर हमले की कमान कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने संभाली और बाद में रणदीप सुरजेवाला ने भी इन पर ठीकरा फोड़ा। सोचें, चुनाव से ठीक पहले राज्य के प्रभारी जयप्रकाश अग्रवाल को हटा दिया गया और उनकी जगह सुरजेवाला लाए गए थे। लेकिन वो उलटे राज्य के नेताओं पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। उनकी क्या जिम्मेदारी थी? अगर कमलनाथ काम नहीं करने दे रहे थे या बात नहीं सुन रहे थे तो उन्होंने क्यों नहीं यह बात पार्टी आलाकमान को बताई? अगर आलाकमान को बताई थी और तब भी कोई फैसला नहीं हुआ तो क्या हार की जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व की भी नहीं बनती है?

इसी तरह छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा ने परोक्ष रूप से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा और कहा कि वे किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। यानी वे अपने हिसाब से सारे फैसले कर रहे थे और चुनाव लड़ रहे थे इसलिए हार की जिम्मेदारी उनकी बनती है। सोचें, पीएल पुनिया को हटाने के बाद शैलजा लंबे समय से प्रभारी थीं। टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाने और प्रदेश अध्यक्ष बदलने से लेकर टिकट बंटवारे तक के हर फैसले में वे शामिल थीं और कभी ऐसा संकेत नहीं मिला कि उनका कोई मतभेद बघेल से है। लेकिन चुनाव हारने के बाद शैलजा की कोई जिम्मेदारी नहीं है। सबसे हैरानी की बात यह रही कि इस तरह की कोई बात राजस्थान को लेकर नहीं हुई। वहां नहीं कहा गया कि अशोक गहलोत ने चुनाव हरवा दिया। असल में कांग्रेस ने एक मॉडल विकसित किया है, जिसमें सब कुछ प्रादेशिक क्षत्रपों के हवाले छोड़ा हुआ है। हार-जीत सब उनकी होती है।

“ चिंताएं गंभीर थीं और चुनौती विकट, पर करीब-करीब हर मोर्चे पर भारत बाधाएं पार करने में कामयाब रहा। यहां तक कि आर्थिक संकट से जूझती दुनिया में अपनी हैसियत बढ़ाने में भी भारत सफल रहा, ब्रिटेन को पीछे छोड़कर वह दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। इस कामयाबी के पीछे कुछ चीजों की बहुत-बड़ी भूमिका है, जैसे डिजिटल ट्रांसफर।

# भारत ने दुनिया को निराश नहीं किया

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार



साल 2023 चिंता और आशंकाओं के साथ शुरू हुआ था। कोरोना की दहशत हवा में फैलती दिख रही थी। विश्व बैंक को तो डर लग रहा था कि कहीं हम 1970 जैसी बड़ी आर्थिक मंदी के मुहाने पर तो नहीं खड़े हैं। हालांकि, इसके साथ ही उसने भरोसा जताया था कि दुनिया भर में मंदी की चिंता के बीच भारत से ही यह उम्मीद दिखती है कि वह सबसे अच्छी तरह इस परिस्थिति से मुकाबला कर सकता है और साल खत्म होते-होते कम से कम यह बात दावे के साथ कही जा सकती है कि भारत ने विश्व बैंक को निराश नहीं किया।

इस बार लग रहा है कि एक ऐसा साल गया, जिसमें तमाम चुनौतियों के बावजूद काफी कुछ हासिल भी हुआ और आने वाले साल ही नहीं, आने वाले कई सालों के लिए एक मजबूत बुनियाद भी तैयार हुई है। हालांकि, चुनौतियां भी हैं और बहुत बड़ी भी, पर यह साफ है कि भारत अब एक नई छलांग के लिए तैयार है। वह छलांग, जिसका इंतजार काफी समय से हो रहा था, कहा जा रहा था कि हाथी कैसे छलांग लगाएगा?

हाथी की चाल पर सवाल उठाने वाले शायद भूल गए कि 2022 चीन के कैलेंडर में बाघ का साल था, बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, और टाइगर इकोनॉमीज या दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से मुकाबले के लिए एक दमदार प्रतीक भी, पर 2023 खरगोश का साल है और खरगोश इस बार चीन के बजाय भारत की तरफसे दौड़ पड़ा है। इसी का असर है कि यह साल जीडीपी की रफ्तार में उम्मीद से ज्यादा तेजी लाने में कामयाब हुआ है। साल की तीसरी तिमाही और वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के बीच भारत की जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की बढ़त हुई है, यानी रिजर्व बैंक के अनुमान 6.5 प्रतिशत से कहीं ज्यादा। यही नहीं, दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की वृद्धि दर सबसे तेज रहने वाली है। रफ्तार में तेजी का असर भारत में ही नहीं, दुनिया भर में महसूस किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का कहना है कि दुनिया के विकास में भारत 16 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। उसने भारत को 'ग्लोबल ग्रोथ लीडर' की संज्ञा दी है, यानी विकास के मोर्चे पर विश्व गुरु।

चिंताएं गंभीर थीं और चुनौती विकट, पर करीब-करीब हर मोर्चे पर भारत बाधाएं पार करने में कामयाब रहा। यहां तक कि आर्थिक संकट से जूझती दुनिया में अपनी हैसियत बढ़ाने में भी भारत सफल रहा, ब्रिटेन को पीछे छोड़कर वह दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। इस कामयाबी के पीछे कुछ चीजों की बहुत-बड़ी भूमिका है, जैसे डिजिटल ट्रांसफर। यहां भारत में बैठकर शायद महसूस नहीं होता कि हम कितना बदल गए हैं। बहुत देश इस राह चलने को आतुर हैं। साथ ही, जीएसटी और आयकर के मोर्चे पर भी डिजिटलीकरण के फायदे साफ दिखाई पड़ रहे हैं। जीएसटी की औसत मासिक वसूली 1.66 लाख करोड़ रुपये हो चुकी है।

टेक्नोलॉजी की दुनिया में तो भारत का सिक्का चल ही रहा था, बल्कि अब कृत्रिम मेधा या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भारत का दबदबा जगजाहिर हो चुका है। इसरो की दसियों साल की मेहनत रंग ला चुकी है और अब तो निजी कंपनियां भी इन दोनों क्षेत्रों में बड़े सौदों की तैयारी में जुटी हैं।

कोरोना का डर खत्म होने के बाद लोगों ने बाहर निकलना और खर्च करना शुरू किया है, बल्कि जोर-शोर से किया है। 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' के मुताबिक, इस बार कंज्यूमर सेंटिमेंट में तेजी के पीछे गांवों से आने वाली मांग का भी बड़ा हाथ है। यही नहीं, कंपनियों के रिजल्ट देख लें या बार-बार आसमान में सुराख करने की कोशिश करता हुआ शेयर बाजार, सब यही दिखा रहे हैं कि भारत एक नई रेस की तैयारी में है। वैसे साल खत्म होते-होते एक चेतावनी आई है, जो भारत सरकार के लिए अगले साल चिंता का कारण बन सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चेताया है कि भारत सरकार पर कर्ज का बोझ काफी बढ़ चुका है और खतरा है कि यह कर्ज भारत की जीडीपी, यानी सकल घरेलू उत्पाद से भी ऊपर निकल जाए। हालांकि, भारत सरकार ने इस आशंका को निर्मूल बताया और कहा है कि वर्ष 2028 तक ऐसा होने की कोई गुंजाइश नहीं है।

इस बात से एक दूसरा सवाल उठता है, जो शायद आने वाले साल के लिए बहुत सारे जवाब और रास्ते खोल सकता है। कर्ज कितना है, इससे ज्यादा जरूरी सवाल है कि कर्ज लेकर किया क्या जा रहा है? आने वाले साल में भारत के लिए सबसे बड़ी उम्मीदें या सबसे बड़ी चुनौतियां क्या हैं? भारत और भारतीयों की महत्वाकांक्षा बढ़ रही है। तमाम भारतीय कंपनियां इस वक्त दुनिया के दूसरे हिस्सों में जाकर कारोबार फैला रही हैं या वहां कंपनियां खरीदती दिख रही हैं। दुनिया के मौजूदा हालात में भारत के लिए जबर्दस्त मौके दिख रहे हैं। कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी की स्टेट ऑफ फैशन रिपोर्ट के मुताबिक, भारत आने वाले साल में लग्जरी कंजंप्शन यानी महंगी चीजों की खरीद के मामले में दुनिया का सबसे चमकदार बाजार रहने वाला है।


यह एक बड़ी चिंता का कारण भी हो सकता है, क्योंकि गरीब-अमीर की खाई बढ़ने की चिंता और के शेप्ड रिकवरी यानी कोरोना से उबरने के दौर में गरीबों का और गरीब होना सभी विशेषज्ञों को परेशान करता रहा है, लेकिन अब इसे एक और चश्मे से देखना शायद जरूरी है। लगभग तीस साल से भारत में मध्यवर्ग की महत्ता पर जोर दिया जा रहा है। सिद्धांतकार बताते हैं कि अगर मध्यवर्ग आगे बढ़ता है, तो समाज के सबसे कमजोर लोगों को सहारा देना सरकार के लिए आसान हो जाता है। क्या यही बात थोड़ा आगे बढ़ाकर लागू नहीं हो सकती? पिछले दो-तीन साल में जिस तरह से देश में अमीरों की संख्या और उनके पास जमा संपत्ति में उछाल आया है, उसका सदुपयोग करने का रास्ता क्या हो? सरकार टैक्स लगाकर उनसे पैसा ले और गरीबों की मदद करे। अनुभव बताता है कि यह नुस्खा बहुत कारगर नहीं है। दूसरा सवाल है कि क्या अमीर होने के साथ-साथ लोग अपने आस-पास के समाज में बहुत सारे लोगों को साथ लेकर बढ़ रहे होते हैं या नहीं?

पिछले साल देश में कई अरबपतियों ने अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा समाज कार्यों में लगाने का एलान किया है। यह सिलसिला रफ्तार पकड़ता दिख रहा है। ऐसे में, जॉर्ज ऑरवेल का कथन याद आता है, 'या तो हम सब एक अच्छी दुनिया में रहेंगे या फिर कोई भी नहीं रहेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि 2024 में भारतीय समाज इस दुविधा का हल निकालेगा और फिर तो न जाने कितनी दिशाओं में कितने ही रास्ते खुल जाएंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# संसार में क्षमा और करुणा के सच्चे पर्याय ईसा मसीह

अजहर हाशमी, सूफी कवि व शिक्षाविद



मेरे विनम्र मत में ईसा मसीह की शख्सियत क्षमता की शब्दावली में करुणा का काव्य है। तात्पर्य यह है कि ईसा क्षमा और करुणा के पर्याय हैं। वह कांटों का ताज पहनकर सलीब ढोते हुए और फिर सलीब पर चढ़े हुए कीलों के नुकीलेपन से लहूलुहान होने के बावजूद कहते हैं, 'हे ईश्वर, इन्हें क्षमा करना, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं!

आखिर क्षमा क्या है? इस प्रश्न का काव्यात्मक भाषा में उत्तर यह है कि क्षमा, नैतिकता का नूर है। दिलेरी का दस्तूर है। पवित्रता का प्रयोजन है। सौहार्द का संयोजन है। नेकी का निवेश है। प्रेम का परिवेश है। सद्भाव का सेतु है। अभयदान का हेतु है। अविश्वास का अंत है। विश्वास का बसंत है। सद्भाव का सृजन है। बैर का विसर्जन है।

अफसोस, आज लोग क्षमा मांगना और करना भूलने लगे हैं। क्षमा मांगने से दंभ छंटता है और क्षमा करने से क्रोध हटता है। गौरतलब है कि ईसा मसीह को रूहुल्लाह कहा जाता है। रूहुल्लाह दो शब्दों से मिलकर बना है- रूह और अल्लाह। रूह का आशय है आत्मा, और अल्लाह का तात्पर्य है खुदा यानी ईश्वर। हजरत ईसा अल्लाह के पैगंबर थे और उन्हें अल्लाह की तरफसे मुर्दों को जिंदा करने की चमत्कारिक शक्ति प्रदान की गई थी। उन्होंने अपने आप को स्वयंभू नहीं घोषित किया था। उन्होंने तो खुद को अल्लाह का बंदा कहा, जिसको मानव-जाति के लिए कल्याणकारी किताब इंजील, जिसे आजकल बाइबल (न्यूटेस्टामेंट) कहा जाता है, के साथ संदेशवाहक के तौर पर भेजा गया था।

ईसा चाहते, तो शक्तियों के प्रयोग द्वारा दुष्टों या दुष्ट शासकों से प्रतिशोध ले सकते थे, किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय दुष्टों द्वारा दिए गए मृत्युदंड, यानी सलीब पर चढ़ने की सजा को स्वीकार करते हुए करुणा से ओत-प्रोत अपने हृदय से दुष्टों को क्षमा कर दिया। इसका अभिप्राय यह कि बदला लेने की ताकत होने के बावजूद कोई क्षमा कर देता है, तो यही सच्ची क्षमा है। इस संदर्भ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की काव्य-कृति कुरुक्षेत्र के तीसरे सर्ग की ये पक्तियां प्रासंगिक प्रतीत होती हैं- क्षमा शोभती उस भुजंग को/ जिसके पास गरल हो/ उसका क्या जो दंतहीन/ विष-रहित, विनीत, सरल हो।

निस्संदेह, रूहानी ताकत से संपन्न और समर्थ होने के बावजूद ईसा मसीह द्वारा प्रतिशोध न लिया जाना और क्षमा कर देना, क्षमा के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। क्या आज ईसा प्रासंगिक नहीं रह गए हैं? विडंबना है, ईसा की क्षमा और करुणा की शिक्षाओं को हमने अपने आचरण में स्वीकारने के बजाय नकारने का कार्य शुरू कर दिया है। इसी का प्रमाण है कि एक तरफरूस-यूक्रेन का युद्ध है, तो दूसरी ओर, इजरायल और अरब देशों में हिंसक संघर्ष। ये तो कुछ मिसालें हैं। सही तो यह है कि दुनिया के सभी देशों में अहं और वहम ने दुश्मनी के दावानल सुलगा दिए हैं।

ईसा मसीह के मन में बीमार लोगों, कुष्ठ-रोगियों, अनाथों, निर्धनों आदि के लिए अगाध करुणा थी। दरअसल, ईसा मसीह का मन प्रेम के जल से भरे हुए करुणा के कलश के रूप में प्रतीत होता है। उन्होंने कुष्ठ-रोगियों की सेवा करके और बीमारों को चंगा करके अपने आचरण से करुणा की महिमा को रेखांकित किया। ईसा मसीह की करुणा को दर्शाता हुआ बाइबल में निहित यह संदेश गौर करने लायक है- बीमारों को चंगा करो, कुष्ठ-रोगियों के घावों को साफ करो, मुर्दों को उठाओ, विकारों को खत्म करो, खुले हाथ से तुम्हें मिला है, खुले हाथ से दान करो।

विश्व में वर्तमान में जब नफरत के नासूर फैल रहे हैं, द्वेष का दलदल बढ़ता ही जा रहा है, भ्रष्टाचार की भट्ठियां भभक रही हैं, कटुता की कालिख क्रूर अट्टाहास कर रही है, संदेह के सांप रिश्तों को डस रहे हैं, अपनत्व का अकाल पड़ रहा है, संवेदनाओं की सरिताएं सूख रही हैं, मोह का मगरमच्छ मानवीय मूल्यों को निगल रहा है, दोस्ती का दर्पण दरक रहा है, तब निस्संदेह ईसा मसीह की शिक्षाओं को आचरण में उतारने की जरूरत है, क्योंकि ईसा मसीह का अर्थ क्षमा युक्त व्यवहार, करुणा, प्रेम, सच्चाई व हर प्राणी से प्यार है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# लोकतंत्र के मंदिर में पुन: स्थापित हो संसदीय गरिमा

राजेश रामचंद्रन

सांसदों के बिना संसद गोमाता विहीन गोशाला सरीखी है या बिन मूर्ति के मंदिर समान! इससे पहले कि मेरे इन शब्दों को माननीय सदस्यों या पूजनीय गोमाता की बेइज्जती करने की धृष्टता मानकर भीड़ मेरी मॉब लिंचिंग पर उतारू हो, कृपया नोट करें कि मैंने सांसदों का जिक्र नहीं किया। मूर्ति यहां संसदीय विमर्श है तो मंत्र है, आपसी बहस ताकि वाद-विवाद से विचारों का आदान-प्रदान हो। संसद की उपमा को मंदिर के रूप में आगे बढ़ाते हुए, वास्तव में लोकतंत्र की इस देवी की आराधना मुख्य पुजारी बिना नहीं हो सकती और यह भूमिका होती है विपक्ष की।

तो, संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की समाप्ति मुख्य पुजारी की बाहर बैठकर धूप सेंकने, अध्यक्षता करते माननीय अर्थात राज्य सभा अध्यक्ष, जो कि देश के उप-राष्ट्रपति भी हैं, की नकल करने से हुई। जब आप धूप सेंक रहे हों एवं करने को कुछ और न हो, और मोबाइल फोन पास हो, तो सेल्फी लेने या एक-दूजे की चुहलबाजी और अभिनय की रिकॉर्डिंग के अलावा और क्या काम। तथापि, एकल-पार्टी-आधिपत्य वाली सरकार के मानकों के मुताबिक भी, 146 विपक्षी सांसदों की बर्खास्तगी संसदीय बहस की रिवायत को बहुत बड़ा आघात है।



यदि संसद का मतलब केवल सरकारी कामकाज चलाना और नए कानून पारित करने के पहले विपक्षियों को निकाल बाहर करना ताकि पीछे बचें, बेंच बजाकर समर्थन करने वाले सत्ता पक्ष के सदस्य, तो क्या यह मंज़र हमारे लोकतंत्र के लिए सही है? फिर किस मुंह से विदेशी प्रेस और विदेशी धन प्राप्त टिप्पणीकारों को दोष दे सकते हैं, जब वे 'मेड इन इंडिया पार्लियामेंट 2.0' को एक ढकोसला करार देते हैं? विपक्ष के कटाक्ष और टोटा-टाकी, शब्द-वाण, वॉक-आउट और कार्रवाई स्थगन, यह सब कानून बनाने की प्रक्रिया को वैधता प्रदान करते हैं। जब कभी कोई कानून तीखी बहसों, एतराजों के बाद अंतत: पारित होता है, तो उससे देश की वैधानिक गांभीर्य जुड़ जाता है। बेशक कानून बनाने वाली संसद अब नए भवन में है, लेकिन कानून-निर्माण की नई प्रक्रिया को अधिक दक्ष बनाने और वर्तमान चलन के नाम पर इसकी लोकतांत्रिक भावना की भव्यता नहीं छीन सकती, जो कि इसकी काबिलियत है।

वैसे भी हमने देख लिया कि कैसे नए भवन की सुरक्षा व्यवस्था, एक घुसपैठिए को जूते के तले में स्मोक-कैनिस्टर छिपाकर लाने और फिर दर्शकदीर्घा से सदन में छलांग लगाने से रोकने में अक्षम सिद्ध हुई है। यह हमारे लोकतंत्र के गर्भ-गृह पर हमला था। यह लेखक 13 दिसम्बर, 2001 के दिन संसद भवन में मौजूद था, जब आतंकी हमला हुआ। भीषण मुठभेड़ में सभी हमलावरों को मार गिराने के बाद, जिसमें हमारे आठ वीर जवान और एक आम नागरिक शहीद हुए, तत्कालीन गृह मंत्री एलके आडवाणी और कानून मंत्री अरुण जेतली ने स्थिति का जायजा लेने के लिए परिसर का चक्कर लगाया था और तब सुरक्षा में सेंध को लेकर उनसे की गई जवाबतलबी याद आ रही है।

इस पर आडवाणी ने 18 दिसम्बर, 2001 को लोकसभा में वक्तव्य दिया था (हालांकि शुक्रवार को 'द ट्रिब्यून' के स्तंभकार और सुपरकॉप जुलियो रिबैरो ने अपने लेख में आडवाणी को भूलवश तत्कालीन नेता-प्रतिपक्ष बताया है)। आडवाणी ने अपने बयान में भारतीय संसद पर हमले का इल्जाम देश के भितरघातियों और पाकिस्तान बैठे योजनाकारों पर लगाया। इस बार भी, विपक्ष ने उसी प्रकार बयान की मांग की थी। बेशक यहां पर दोनों हमलों के बीच सीधी तुलना नहीं हो सकती क्योंकि जहां एक में संसद परिसर के अंदर पांच आतंकी मारे गए थे वहीं दूसरे प्रसंग में घुसपैठिए ने केवल स्मोक कैनिस्टर का उपयोग किया है। यदि इसे पुनरावृत्ति ही कहा जाए तो इतिहास प्रतीक-प्रहसन के रूप में दोहराया गया।

लेकिन फिर यह भी हो सकता है कि स्मोक कैनिस्टर में मारक गैस होती, जिससे देश के शीर्षस्थ नेतृत्व की सुरक्षा को एकमुश्त गंभीर खतरा बन सकता था। यह सोचना भयावह है लेकिन सरकार द्वारा इस विषय पर विश्वास स्थापना विमर्श करवाए बिना, इस कयास को खारिज नहीं किया जा सकता। विपक्ष द्वारा सुरक्षा चूक पर विस्तृत जानकारी और संभावित सुधारक उपायों पर चर्चा की मांग करना जायज है। संसद उनकी भी उतनी ही है। इसकी बजाय, उन सांसदों को एक के बाद एक कर निलंबित कर दिया गया। यहीं पर राज-व्यवस्था में आया आमूल परिवर्तन साफ दिखाई देता है। पूर्व में संसदीय प्रक्रिया चलाने को सही मायने में चलाने और दिशा देने में विपक्ष का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

एक अखबार में किया गया रहस्योद्घाटन विपक्ष के लिए संसद में स्थगन के लिए दबाव बनाने में काफी होता है। किसी पत्रकार के लिए उसके काम की इससे बढ़कर कोई मान्यता नहीं हो सकती कि उसकी लिखी खबर के परिणामवश सदन में बहस के बाद कामकाज स्थगित करना पड़े। इस लेख का लेखक तीन मौकों पर अपनी रहस्योद्घाटन खबरों से संसदीय कामकाज स्थगित होने को अपना सबसे बड़ा सम्मान पदक मानता है, यह किसी भी पत्रकारिता सम्मान से कहीं बढ़कर है। जब पूरा विपक्ष एकजुट होकर, किसी अखबार की प्रति हाथ में लेकर, सदन में खड़ा होकर नारेबाजी करने लगे, और लाचार होकर अध्यक्ष सदन स्थगित कर दे, तो यह घटना पुन: अगले दिन की मुख्य सुर्खियां बनती है। जितना अधिक विपक्ष का दबाव होगा, उतना ही अधिक सत्तापक्ष को समझौताकारी होना पड़ेगा, जो कि संयुक्त संसदीय जांच कमेटी बनाने पर राजी होने जितना बड़ा हो सकता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को उनके जन्मदिन पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसंबर को जन्मदिन पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के विकास और यहां के लोगों की समृद्धि के उद्देश्य से छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए नए छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। उन्होंने कहा है कि अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि हृदय भी थे। वे अपनी राजनैतिक और व्यक्तिगत शुचिता के लिए भी जाने जाते हैं। बाजपेयी जी की याद में उनका जन्मदिन 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा 25 दिसम्बर को राज्य के किसानों को खरीफविपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए का भुगतान किया जा रहा है।

### राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने अपने निवास में स्वर्गीय श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी विराट व्यक्तित्व, महानवक्ता, लेखक व बहुमुखी के धनी होने के साथ-साथ एक जननायक थे। उन्होंने विदेश व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का मजबूती से पक्ष रखकर देश का मान बढ़ाया। भारत को जब एक कमजोर देश समझा जाता था तब पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न घोषित किया। इस कदम से उन्होंने भारत को विश्व में एक सुदृढ़ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। पश्चिम के देशों ने जब एक अनेक प्रतिबंध लगाए तब उसका दृढ़ता पूर्वक सामना करते हुए उनके नेतृत्व में देश ने आर्थिक विकास की ऊंचाईयों को छुआ। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया, जिससे हमारे देश की आधारभूत संरचना मजबूत हुई। श्री वाजपेयी ने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया, उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण करना था। इसी सोच के फ्लस्वरूप उनके शासनकाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू की गई, जिसमें जिन पात्र बुजुर्गो को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलती थी उन्हें हर माह 10 किलो अनाज नि:शुल्क दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि श्री वाजपेयी भारत के महान सपूत थे।

### मुख्यमंत्री से यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से यहां राजधानी रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 06 विधानसभा क्षेत्रों से आए यादव समाज के प्रतिनिधिमंडलों ने सौजन्य मुलाकात की। यादव (राउत) समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री श्री साय को खुमरी और परंपरागत पोशाक पहनाकर सम्मानित किया और भगवान राधा-कृष्ण का छायाचित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बड़ी संख्या में यादव समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने आत्मीयता के साथ सभी का अभिवादन स्वीकारा मुख्यमंत्री से मिलने मुंगेली, बिल्हा, लोरमी, नवागढ़, पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# बेतरतीब पार्किंग व सड़क पर दुकान लगाने वालों पर बरसे विधायक रिकेश, दे डाली बड़ी चेतावनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन रविवार को संडे मार्केट सुपेला की व्यवस्था देखने निकले। इस दौरान बेतरतीब पार्किंग व सड़क पर दुकान लगाने वालों पर बरस पड़े। विधायक रिकेश सेन ने उन दुकानदारों को जमकर लताड़ा जिसके सामने सड़क के सेंटर तक वाहनों की लाइन लगी हुई थी। इस दौरान उन्होंने सख्त चेतावनी भी दे डाली। विधायक रिकेश ने कहा है कि अगले रविवार को वे जिला प्रशासन के अफसरों के साथ संडे मार्केट पहुंचेंगे और जिस किसी की भी दुकान तय जगह से एक फीट भी बाहर निकली होगी उसकी रजिस्ट्री तत्काल निरस्त कर सील कर दिया जाएगा।

बता दें सुपेला का संडे मार्केट भिलाई का सबसे व्यस्त बाजार है। रह रविवार को लगने वाले इस बाजार में लोगों की भारी भीड़ होती है। रविवार को सुबह से ही यहां चहल पहल शुरू हो जाती है जो कि देर शाम तक रहती है। मार्केट में शॉपिंग के हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

ऐसे में दुकानदार अपनी दुकानों को तय जगह से आगे लगाते हैं। वहीं यहां पहुंचने वाले ग्राहक अपने वाहनों को सड़क पर खड़ी कर पूरी सड़क को जाम कर देते हैं। स्थिति ऐसी हो जाती है कि यहां से एक कार का भी निकलना मुश्किल हो जाता है। समय समय पर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग व निगम प्रशासन यहां कार्रवाई की है लेकिन स्थिति जस की तस है।





### विधायक रिकेश दिया अल्टिमेटम

रविवार को संडे मार्केट की व्यवस्था देखने के बाद विधायक रिकेश ने दुकानदारों को अल्टिमेटम दे दिया है। सुपेला संडे मार्केट पहुंचने के बाद विधायक ने पैदल की पूरे बाजार का दौरा किया और दुकानदारों को समझाइश दी। इस दौरान यह भी देखा कि दुकान के सामने जगह होने के बाद भी दुकानदार द्वारा वाहनों को रोकने के लिए बेरीकेडिंग की गई जिसके कारण ग्राहकों द्वारा सड़क पर दुकान लगा दी गई। विधायक रिकेश ने ऐसे दुकानदारों को बुलाया और उनकी खबर ली। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि इस तरह का काम गलत है और यह नहीं चलेगा।

### अगले रविवार होगी बड़ी कार्रवाई

विधायक रिकेश सेन ने संडे मार्केट की हालात का जायजा लेने के बाद कहा कि अगले रविवार को यहां बड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि संडे मार्केट में इससे पहले भी आईएएस, आईपीएस सहित निगम द्वारा कार्रवाई की गई लेकिन स्थिति में सुधार नहीं आया। आने वाले रविवार को जिला प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में बड़ी कार्रवाई होगी। जिस किसी की भी दुकान एक फीट भी आगे लगी मिलेगी उसकी रजिस्ट्री निरस्त कर सील कर दिया जाएगा। विधायक रिकेश ने यह भी कहा कि संडे मार्केट से कोई परेशानी नहीं है बल्कि यहां व्यापार करने पहुंच रहे बाहरी लोग समस्या हैं।

### दुकानों के सामने लगवाएंगे रेलिंग

विधायक रिकेश ने कहा कि संडे मार्केट के व्यापार करने वाले स्थानीय व्यापारी कम है और यहां बाहर से आए लोग ज्यादा है। ज्यादातर नागपुर के आसपास से आते हैं। शनिवार रात को आते हैं और रविवार को दुकान लगाने के बाद सोमवार की सुबह वापस चले जाते हैं। ऐसे बाहरी लोगों के कारण संडे मार्केट में जाम की स्थिति बन रही है। विधायक रिकेश ने यह भी कहा है कि आने वाले समय में यहां की नियमित दुकानों के सामने रेलिंग लगवाई जाएगी और उसके अंदर ही व्यापार करने की हिदायत दी जाएगी। विधायक रिकेश ने यहां के नियमित व्यापारियों को तय जगह से आगे दुकान न लगाने व पार्किंग का विशेष ध्यान रखने की हिदायत भी दी है।

### बार संचालक को दी नसीहत

ओल्ड दीनदयाल कालोनी शंकरा मेडिकल कॉलेज रोड पर स्थित एक बार में देर रात तक तेज डीजे के शोर और बेतरतीब पार्किंग की शिकायत पर बार संचालकों को मौके पर बुला विधायक रिकेश सेन ने व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश। उन्होंने बार संचालक से कहा कि अब शिकायत नहीं आनी चाहिए।



गौरतलब हो कि परीक्षा की नजदीकी और देर रात तक शोर शराबा होने की शिकायत दीनदयाल कालोनीवासियों ने आज रात कलश पूजन कार्यक्रम में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से की। बस फिर क्या, विधायक पैदल ही बार के बाहर पहुंचे और गार्ड से बार संचालक को बुलवा व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी।

# जीत के बाद खुर्सीपार के वार्ड 51 पहुंचे विधायक देवेंद्र, लोगों का जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव विधानसभा चुनाव जीतने के बाद बारी-बारी से अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से मिल रहे हैं। हर वार्ड में जाकर बारी-बारी से अपने मतदाताओं के बीच पहुंच रहे है। उन्हें प्रमाण करके उनका धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को विधायक देवेन्द्र यादव वार्ड 51 शहीर वीर नारायण वार्ड पहुंचे। जहां वार्ड के मतदाताओं ने हजारों की संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान विधायक ने सभी का आभार जताया।



वार्ड में पहुंचते ही वार्ड के नागरिकों ने सबसे पहले विधायक यादव का भव्य स्वागत किया। पुष्प माला पहनाएं और फूलो की वर्षा की। इसके बाद वार्ड की माताओं और बहनों ने अपने विधायक की आरती उतार कर ?तिलक लगाया। इसके बाद सभी बाबा गुरूघासी मंदिर जैतखाम के पास उपस्थित हुए। फिर वहां विधायक यादव ने बाबा गुरूघासी को प्रमाण कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी विश्वास, प्रेम और आशीर्वाद हमेशा मुझे मिलते रहा है। इस बार भी जो आप सभी के आशीर्वाद ने मुझे जीताया है। इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

### युवक-युवती परिचय सम्मलेन में हुए शामिल

रविवार को कलार सिन्हा समाज का सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवक युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में विधायक श्री यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जहां विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपने जीवन साथी के लिए शामिल हुए। इस सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे विधायक श्री यादव ने पूरे समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिन्हा समाज का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहा है।

### गौरा-गौरी कलश यात्रा में हुए शामिल

छावनी में आज गौरा गौरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां वार्डवासियों ने भव्य रैली निकली। इस कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक श्री यादव शामिल हुए। जिन्होंने गौरा-गौरी की पूजा अर्चना की और रैली में शामिल हुए। साथ ही वार्ड के जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके अलावा ब्रहमकुमार के कार्यक्रम में पहुंचे। जहां सभी दीदी और भाइयों का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

# वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी के द्वितीय बैच का समावर्तन समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, रायपुर द्वारा निरीक्षक, वस्तु एवं सेवा कर - जीएसटी के द्वितीय बैच के समावर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन महिला अधिकारी समेत कुल 30 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर मोहम्मद अबु सामा, आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, रायपुर उपस्थित थे। उन्होने अपने संबोधन में, सभी अभ्यर्थियों को 14 सप्ताह के प्रशिक्षण को सफ्लतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने जीएसटी के देश के आर्थिक उन्नति में किये जाने वाले योगदान के बारे में बताया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को अपने कार्यो को पूरी निष्ठां एवं ईमानदारी के साथ करने की शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. अशोक कुमार पांडे, आयुक्त, अपील्स रायपुर ने अपने संबोधन में कानून के क्रियान्वन एवं ट्रेड फैसिलिटेशन के मध्य उचित संतुलन स्थापित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री विनोद कुमार अग्रवाल, अपर महानिदेशक, गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटेलिजेंस डायरेक्टर जनरल रायपुर ने सभी अभ्यर्थियों को अपने अधिकारिक कार्यों एवं जीवन के मध्य उचित संतुलन बनाये रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री शैलेन्द्र कुमार, अपर निदेशक, राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, रायपुर ने स्वागत भाषण में प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया, जिसमे जीएसटी, कस्टम्स, नारकोटिक्स और आर्म्स ट्रैनिंग का विशेष उल्लेख करते हुए एडवेंचर, क्रीड़ा और सांस्कृतिक गतिविधियों का जिक्र भी किया। समावर्तन समारोह मे प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रो में अद्भुत प्र्दर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया ।


# आसमान से नहीं गिरते जिताऊ उम्मीदवार

श्रीकंचनपथ




कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में टिकट केवल जिताऊ उम्मीदवार को दिया जाएगा। तो क्या ऐसा उम्मीदवार आसमान से टपकेगा? व्यक्तिगत छवि के आधार पर जीतने वाले उम्मीदवारों को तो कांग्रेस ने पहले ही किनारे लगाया हुआ है। वैसे भी ऐसे कद्दावर लोग किसी पार्टी से जुड़ें, यह पार्टी का सौभाग्य होता है। पर जब पार्टी को अपने ग्रैंड ओल्ड पार्टी वाले इमेज पर जरूरत से ज्यादा भरोसा हो तो ऐसे लोग आसानी से किनारे लगा दिये जाते हैं। पार्टी अपनी ऊर्जा योग्य उम्मीदवारों और नेताओं को ठिकाने लगाने पर खर्च कर देती है. विधानसभा चुनाव से पहले कुछ वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस पर भरोसा किया। उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का साथ दिया। पर कांग्रेस ने उन नेताओं का क्या किया? कांग्रेस ने उन कार्यकर्ताओं का क्या किया जो अपनी बात रखने के लिए हर बैठक-सभा में सम्मिलित होते रहे? सबसे बड़ी दिक्कत तो कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व को लेकर है। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस ने खुद को फिर भी काफी हद तक संभाल लिया था पर केन्द्रीय स्तर पर नेताओं का क्या हाल है? पूरी ताकत अकेले राहुल गांधी लगाए पड़े हैं। शेष सभी बारात में आए हुए हैं। दरअसल, राहुल का नेता बनकर उभरने की कोशिश करना ही कांग्रेस का 'काल' साबित हो रहा है। भाजपा पिछले लगभग डेढ़ दशक से अपनी पूरी ताकत गांधी-नेहरू परिवार के खिलाफजनमत तैयार करने में लगा रखी है। आज आप किसी से भी पूछो वह नेहरू-गांधी को देश के बंटवारे का जिम्मेदार, राजनीति में परिवारवाद लाने का जिम्मेदार और मुस्लिम परस्त बताता मिल जाएगा। उनके दिलों में गांधी-नेहरू परिवार के खिलाफ नफरत इस हद तक पैबस्त हो चुकी है कि उसे बदलना नामुमकिन हो चला ह। ऐसे में जो भी लोग किसी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने की हैसियत रखते हैं, उनकी ताजपोशी होनी चाहिए थी। पर कांग्रेस से वह भी नहीं करते बना। उलटे उसने उन्हें इतना परेशान किया कि वे अपने-अपने राज्यों में बदनाम हो गए। ऊपर से ऐन चुनाव के दौरान केन्द्रीय नेताओं की दखलअंदाजी ने राज्यों में स्थिति पलट दी। अब पार्टी की हालत ऐसी है कि वह अपने प्रत्याशी को जिता कर ले जाने का दावा तक करने की स्थिति तक में नहीं है। इसीलिए वह जीतने योग्य प्रत्याशी ढूंढ रही है। मतलब साफहै कि केन्द्रीय स्तर पर पार्टी की स्थिति खराब है। लगातार मैच हारने के बाद भी न तो कप्तान बदला जा रहा है, न कोच और न खिलाड़ी। क्रिकेट में जो टीम बार-बार हारती है तो उसे ठीक करने के लिए पहले सुस्त खिलाड़ी, फिर कोच और कप्तान तक बदल दिये जाते हैं। कांग्रेस को यदि वाकई केन्द्र में लौटकर आना है तो वह फर्जी गठजोड़ बनाना बंद करे और केन्द्रीय स्तर पर अपना नेतृत्व ठीक करे। वह भाजपा को देखे जहां अकेले प्रधानमंत्री के चेहरे पर कोई भी चुनाव जीत जाता है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### सब मिलकर मोदी की गारंटी के साथ लोकसभा चुनाव जीतने निकल पड़े हैं : किरण देव

**रायपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का स्वागत करने के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखा। प्रात: 10 बजे भाजपा कार्यालय धमतरी में, प्रात: 11.15 बजे चारामा में, पूर्वान्ह 11.45 बजे भाजपा कार्यालय कांकेर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पहार एवं फूलों की बौछार करके भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जोशीला स्वागत किया गया। केशकाल, परसगांव, भाजपा कार्यालय कोंडागांव, भानपुरी, सोनारपाल, बस्तर, आसना, महाराणा प्रताप चौक जगदलपुर, एसबीआई चौक जगदलपुर, मां दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर एवं भाजपा कार्यालय जगदलपुर में बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का स्वागत किया।

किरण सिंह देव ने जिम्मेदारी देने के लिए केंद्रीय नेतृत्व, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भाजपा का एक साधारण कार्यकर्ता हूं। हम सब मिलकर मोदी जी की गारंटी के साथ लोकसभा चुनाव जीतने निकल पड़े हैं। हमारी सरकार ने मोदी जी की गारंटी पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार का असर दिखने लगा है। हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हमारी दोनों सरकारों की योजनाओं का लाभ गरीब तक पहुंचे। हमें भाजपा सरकार की योजनाओं की मैदानी निगहबानी में अपनी भूमिका निभाना है।

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने दी क्रिसमस की शुभकामनाएं

**रायपुर।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जीसस क्रिस्ट के जन्मदिन क्रिसमस पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।डॉ. महंत ने कहा, त्याग, बलिदान, मानवता, प्रेम के प्रतीक विश्व विख्यात प्रभु यीशु मसीह के मानने वालों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। क्रिसमस ईसाई समुदाय का सबसे प्रमुख त्योहार है जो हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इसे प्रभु यीशु के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस ना सिर्फ धार्मिक मायनों में एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है, बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है। इस दिन एक दूसरे को उपहार दिए जाते हैं और प्यार व खुशियां बांटी जाती हैं।

# साहू समाज समय के अनुरूप कदम से कदम मिलाकर बढ़ रहा आगे: उप मुख्यमंत्री साव

## राजधानी में आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

### साहू समाज के नव निर्वाचित विधायक हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि साहू समाज समय के अनुरूप अन्य समाजों से कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है और प्रदेश और देश की तरक्की में योगदान दे रहा है। वे आज राजधानी रायपुर के कर्मा धाम कृष्णा नगर में आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन और नव निर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ साहू समाज द्वारा उप मुख्यमंत्री साव को पगड़ी पहनाकर तथा त्रिशुल भेंटकर सम्मानित किया।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन से यह तय सिद्ध होता है कि साहू समाज एक विकसित समाज है। साहू समाज की विशेषता ईमानदारी और मेहनत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का मान सम्मान बढ़ाने का काम पूरी दुनिया मे किया है। समाज के मान, सम्मान और गौरव बढ़ाने के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। उप मुख्यमंत्री साव ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को अपनी शुभकामनाएं दी। साहू समाज द्वारा ग्राम बोइझरा (भखारा) निवासी टेमन लाल साहू समाज को दो एकड़ जमीन दान करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, सहित स्थानीय साहू समाज के पार्षदगण एवं छत्तीसगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष केशव राम साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में नव निर्वाचित विधायकों का छत्तीसगढ़ साहू समाज द्वारा शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इनमें रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, धमतरी विधायक ओंकार साहू, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना: राज्य में 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले पात्र व्यक्तियों को मिलेगा योजना का लाभ

### चॉइस सेंटर के माध्यम से कर सकते हैं पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार की तरफ से 3 लाख रुपये का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का लोन लिया जा सकता है।

हितग्राहियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का




दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 रुपए के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची/जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। इसके लिए आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार/व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत हितग्राही ने पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत ऋण न लिया हो। योजना के तहत परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य के प्रत्येक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

## विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मिले प्रदेश बीजेपी चीफ किरण सिंह देव



**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से प्रदेश बीजेपी चीफ किरण सिंह देव ने मुलाकात की। कुछ दिन पहले ही बीजेपी आलाकमान ने छत्तीसगढ़ में पार्टी की कमान किरण सिंहदेव को सौंपी है। वे छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं लेकिन बीते कई सालों से पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। उनकी राजनीति की शुरूआत छात्र जीवन में ही हो गई थी और वे 1985 में छात्र संघ के अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 1998 से 2000 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि 17 सितंबर 1962 को जन्मे किरण सिंहदेव पेशे से वकील हैं।

बता दें कि दिल्ली में आयोजित बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने के बाद आज सुबह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, महामंत्री पवन साय रायपुर लौट आए। विमानतल में प्रदेश महामंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश चंद्र गुप्ता, कार्यसमिति सदस्य. प्रीतेश गांधी ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

# नमी हुई कम, तीन दिनों में तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**रायपुर (ए)।** राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना हुआ है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के कारण नमी की मात्रा में थोड़ी कमी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार नमी कम होने की वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट होना संभावित है। साथ ही अगले तीन दिनों में तापमान दो से तीन डिग्री तक गिरने के आसार हैं।

इसके अलावा पूर्व की ओर से अपेक्षाकृत गर्म हवाएं भी आ रही हैं, इसकी वजह से अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं राजधानी में मौसम मुख्यत: साफ रहने के आसार हैं। वहीं अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। इसी बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस बीजापुर



और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया।

### अधिकतम तापमान छह डिग्री तक ज्यादा

मौसम विभाग के पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों के हिसाब से अधिकतम तापमान औसत से एक से लेकर छह डिग्री तक ज्यादा चल रहा है, जिसमें राजनांदगांव में औसत छह डिग्री, अंबिकापुर में चार डिग्री, पेंड्रा रोड में दो डिग्री, जबकि दुर्ग, जगदलपुर और बिलासपुर में अधिकतम तापमान औसत से एक डिग्री अधिक चल रहा है।

### न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री ज्यादा

अधिकतम तापमान के साथ ही पश्चिमी विक्षोभ की वजह से नमी बढ़ने के कारण न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री तक अधिक चल रहा है। आंकड़ों के अनुसार अंबिकापुर, पेंड्रा रोड और माना में न्यूनतम तापमान एक डिग्री ज्यादा, जबकि राजनांदगांव में एक डिग्री कम है। वहीं दुर्ग, जगदलपुर और बिलासपुर में न्यूनतम तापमान औसत के बराबर ही है।

### गर्म कपड़ों के बाजारों में रौनक

प्रदेशभर में ठंड भी अच्छी पड़ रही है। जिसकी वजह से गर्म कपड़ों का बाजार भी गुलजार हो गया है। सुंदर नगर, मोतीबाग सहित प्रदेश के कई हिस्सों में इनकी बिक्री में तेजी देखने को मिल रही है। साथ ही दुकानों में भी खरीदारों की भीड़ आ रही है। वहीं यह भीड़ अगले दो से तीन दिनों में और भी बढ़ने के आसार हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में वीर बाल दिवस को जोर शोर से मनाने की है तैयारी

## राज्य में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता के साथ हो रही हैं विभिन्न गतिविधियां

### राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान का भाव एवं देश प्रेम के मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य से हो रहे कई आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में वीर बाल दिवस को जोर शोर से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए सभी कलेक्टरों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वीर बाल दिवस के आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पंचायत, उच्च शिक्षा और नगरीय प्रशासन विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। गतिविधियों में एनवायके, एनएसएस, एनसीसी के वालेंटियर्स से मोबिलाईजेशन में



सहयोग लेने भी कहा गया है।

श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाई गई ऑडियो-विजुअल की स्क्रीनिंग के साथ ही वीर बाल दिवस पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन होगा और वीर बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

वीर बाल दिवस के पूर्व 22 एवं 23 दिसंबर को माई भारत पोर्टल पर किशोर लड़कियों और लड़कों का पंजीकरण और गतिविधियों को पोर्टल में अपलोड कराया गया है। इस दौरान विकसित भारत हेतु शपथ लेने एवं वीर बाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, प्रतियोगिता में बहादुरी के विषय पर चित्रकला, पठन (सस्वर पाठ), गायन, कविता और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रदेश में वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तर, नगर पालिका, वार्ड, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं और किशोरों, देश वासियों, महिलाओं में राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों को स्थापित करना और सुदृढ़ बनाना है। इसके लिए गतिविधियों में विशेषकर स्वतंत्रता सेनानियों एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व विजेताओं के अनुभवों को साझा किया जाएगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ठंड लगने के बाद पेट में क्यों होता है दर्द? यह है इसके शुरुआती लक्षण और कारण

सर्दी में ठंडी हवाएं बढ़ती है। जिसकी वजह से पेट से जुड़ी समस्याएं अक्सर बढ़ने लगती है। दरअसल, ये ठंड लगने के कारण होता है। टेंपरेचर का काम होना काफी ज्यादा पेट पर असर डालता है। जिसके कारण डाइजेशन को भी स्लो करता है। इससे पेट के साथ आंत पर भी असर पड़ता है। कई बार ठंड लगने के कारण बैक्टीरियल और वायरल बीमारियों का कारण भी बनता है। यह सब फूड पॉइजनिंग और गैस्ट्रोएंटेराइटिस की बीमारी होने लगती है। इसकी वजह से शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। ठंड लगने के बाद पेट में खराब होने के साथ-साथ दर्द होने लगता है। इन लक्षणों को अक्सर ठंड लगने के साथ कनेक्शन किया जाता है। इन सब के अलावा गैस्ट्रोएंटेराइटिस का खतरा भी बढ़ता है। आज इस आर्टिकल के जरिए जानेंगे ठंड लगने के बाद पेट में होने वाले दर्द और उसके लक्षण।



### पेट में ठंड लगने के लक्षण

- ठंड लगने के बाद पेट में गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं।
- सबसे पहले पेट में अकड़न और तेज दर्न होना इसके गंभीर लक्षण होते हैं।
- पेट खराब होने के साथ-साथ दर्द की समस्या बनी रहती है।
- उल्टी होने की वजह से डिहाइड्रेशन की समस्या से भी जूझना पड़ता है।
- ठंड लगने के बाद पाचन क्रिया भी काफी हद तक प्रभावित होता है। जिसके कारण पेट में लंबे समय तक दर्द होता है।
- मांसपेशियों में दर्द।
- मतली आना।
- फूड प्वाइजनिंग हो सकती है।
- ब्लड में शुगर लेवल इधर-उधर होना।
- सिरदर्द और बुखार भी हो सकता है।

### पेट में ठंड लगने के उपाय

#### हींग का पानी पिएं


ठंड लगने के बाद हींग एंटी इंफ्लेमेटरी पानी और पेट के दर्द को कम करने में मदद करता है। इससे पेट में मरोड़ और दर्द होने लगता है। डाइजेशन भी ठीक करता है। सर्दियों में ठंड लगने के बाद पेट में दर्द होने लगता है।

#### पेट की सिंकाई करें

सबसे पहले पेट की सिंकाई करें। इसमें पेट में दर्द और मरोड़ की समस्या से निजात दिलाता है।

## नए फोटोशूट के लिए जैकलीन फर्नांडिज ने किया ऐसा मेकअप, पहचानना भी हो गया मुश्किल!

जैकलीन फर्नांडिज काफी समय से लगातार विवादों में बनी हुई हैं। उन्हें लेकर हर दिन एक नई खबर सामने आ रही है। हालांकि, जैकलीन पर्सनल जिंदगी के विवादों का असर वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ पर बिल्कुल नहीं पड़ने देती। हालांकि, जैकलीन अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। फैंस के बीच अब उनका ये नया लुक काफी वायरल हो रहा है, लेकिन इन फोटोज में जैकलीन का लुक काफी अलग दिख रहा है।



जैकलीन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपना नया लुक दिखाते हुए फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। फोटोज में उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि वह अपनी किसी स्टेज परफॉर्मेंस के लिए इतनी तैयार हुई हैं। फोटोज में एक्ट्रेस ब्लू कलर की फुल स्लीव्स शिमर ड्रेस पहने हुए देख जा रहा है। जैकलीन ने इस लुक को बहुत खूबसूरती से कैरी किया है।

जैकलीन ने अपने इस ग्लैमरस लुक को सटल शाइनी बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और डार्क स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स का टच देकर ओपन रखा है। जैकलीन ने अपने इस गॉर्जियस अंदाज को अलग-अलग लुक में फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे का सामने कई पोज दिए हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस बहुत खूबसूरत तो दिख है। जैकलीन ने इस लुक को अलग दिखाने के लिए कुछ अलग मेकअप किया है, जिसकी वजह से उनके लुक में इतना बदलाव आ गया है कि उन्हें पहचानना भी थोड़ा मुश्किल हो रहा है। हालांकि, फैंस ने तो एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटाते हुए कई कमेंट्स किए हैं। कुछ ही देर में जैकलीन की फोटोज पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर जैकलीन के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस इस समय कम ही प्रोजेक्ट्स के लिए साइन कर रही हैं। जल्द ही उन्हें फतेह टाइटल से बन रही अगली फिल्म में देखा जाने वाला है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर फिलहाल ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आ पाई है।

## 300 करोड़ के क्लब के बेहद नजदीक पहुंची सालार प्रभास की फिल्म ने दुनियाभर में किया धांसू कलेक्शन

पैन इंडिया एक्टर और साउथ के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार दुनियाभर में छा गई है। फिल्म 22 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और दो दिनों में ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ नोट छाप लिए है। न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सालार बंपर कमाई कर रही है बल्कि वर्ल्डवाइड भी फिल्म ने करोड़ों का कारोबार कर रिकॉर्ड बना लिया है। डंकी के साथ क्लैश के बावजूद फिल्म का कलेक्शन आसमान छू रहा है।



सालार ने पहले दिन दुनियाभर में 178.7 करोड़ का बिजनेस किया था। ऐसा करके ये साल की हाइएस्ट ओपनर फिल्म बन गई थी। वहीं अब दूसरे दिन का वर्ल्डवाइड कलेक्शन भी सामने आ गया है। फिल्म ने दूसरे दिन दुनियाभर में 117 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। इस बात की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। इसी के साथ अब सालार के दो दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 295.7 करोड़ रुपए हो गया है।

प्रभास की फिल्म सालार दो दिनों के शानदार बिजनेस के साथ अब 300 करोड़ के बेहद नजदीक आ गई है। ऐसे में कहा जा रहा है कि फिल्म अपनी रिलीज के पहले हफ्ते ही 500 करोड़ के क्लब में एंट्री ले लेगी। सालार के घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने दो दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। जहां पहले दिन फिल्म ने 90.7 करोड़ की ओपनिंग ली थी तो वहीं दूसरे दिन 56.35 करोड़ कमाए थे। इसी के साथ इंडिया में फिल्म के दो दिनों का टोटल कलेक्शन 147.05 करोड़ हो गया था। सालार को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन लीड किरदार अदा करते दिखाई दिए हैं।

## ऐश्वर्या खरे ने शो में बच्चे जैसा किरदार निभाने श्रीदेवी और प्रियंका चोपड़ा से ली प्रेरणा

शो भाग्य लक्ष्मी में किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो के सीक्वेंस के लिए एक बच्चे की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया है। अभिनेत्री ने बताया कि ट्रैक में प्रामाणिकता कैसे लाई जाए, इसको लेकर वह सदमा और बर्फी जैसी फिल्मों से सीख रही हैं। हाल ही में दर्शकों ने लक्ष्मी (ऐश्वर्या) और ऋषि (रोहित सुचांती) को एक बड़ी दुर्घटना का शिकार होते देखा, जिसके बाद सभी ने लक्ष्मी के व्यवहार में बदलाव देखा।



वह सात साल के बच्चे की तरह व्यवहार करने लगी है, जिससे सभी सदमे में हैं। इस कठिन समय में ऋषि ने लक्ष्मी का हर कदम पर ख्याल रखते हुए उनका भरपूर समर्थन किया है। शो ने हर किसी को बांधे रखा है। इस बच्चे जैसे किरदार को निभाने के लिए ऐश्वर्या भी अतिरिक्त प्रयास कर रही हैं।

इस बारे में बात करते हुए ऐश्वर्या ने कहा, जब मुझे मेरे किरदार में इस बड़े बदलाव के बारे में बताया गया, तो मुझे तुरंत श्रीदेवी मैम की फिल्म सदमा की याद आ गई, खासकर हमारी रचनात्मक टीम ने भी यही संदर्भ दिया था। मैंने नई प्रेरणा के लिए वह फिल्म दोबारा देखी।

उन्होंने साझा किया, हालांकि, मैं कुछ नया करने के लिए काफी उत्साहित थी, लेकिन टीवी शो के लिए हर दिन ऐसा करना काफी चुनौतीपूर्ण है। मैंने इस किरदार के लिए अच्छी तैयारी करने का फैसला किया और यहां तक कि बर्फी भी देखी, जिसमें प्रियंका चोपड़ा के किरदार झिलमिल की शारीरिक भाषा भी एक बच्चे की तरह है।


ऐश्वर्या ने आगे कहा, यहां तक कि मेरे निर्देशक भी बहुत मददगार रहे हैं। वह हर दृश्य में मेरा मार्गदर्शन करते हैं और एक बच्चे की तरह अभिनय करने और उसके साथ आगे बढ़ने के बीच की रेखा खींचने में मेरी मदद करते हैं।

अभिनेत्री ने कहा, यह ट्रैक हमारे शो के लिए ताजी हवा के झोंके की तरह है और मैं वास्तव में टेलीविजन पर कुछ अलग करने का अवसर पाकर भाग्यशाली हूं जो हाल के दिनों में किसी ने नहीं किया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी हमें खूब प्यार देंगे। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 29 दिसंबर को देगी दस्तक

बायोग्राफी ड्रामा 12वीं फेल ने अक्टूबर में अपनी कहानी और काम से दर्शकों को अपना दिवाना बनाया है। ये कहानी आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और आईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी के जीवन पर आधारित थी। जिसमें विक्रांत मैसी के साथ मेधा शंकर, अनंत वी जोशी, अंशुमान पुष्कर और प्रियांशु चटर्जी ने अभिनय किया। इसके साथ ही बता दें कि विधु विनोद चोपड़ा ने इसे डायरेक्ट किया। वहीं अब पूरे दो महीने बाद, फिल्म छुट्टियों के मौसम में डिजिटल रिलीज के लिए तैयार हो रही है।

विक्रांत मैसी अभिनीत विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल ने इस साल की शुरुआत में दर्शकों पर अपना जादू चलाया।





अब दर्शकों को नया साल शुरू होने से पहले ओटीटी पर पहली बार इसे दोबारा देखने या अनुभव करने का मौका मिलेगा। स्ट्रीमिंग सेवा डिज्नी+हॉटस्टार ने हाल ही में अपने प्लेटफॉर्म पर फिल्म के प्रीमियर की घोषणा की, जो इस महीने 29 दिसंबर को होने के लिए तैयार है।

इंस्टाग्राम पोस्ट में फिल्म की एक झलक दिखाते हुए कैप्शन में लिखा, अगर कोई एक फिल्म है जिसे आपको 2024 शुरू होने से पहले अवश्य देखना चाहिए, तो वह यही होगी! #12वींफेल 29 दिसंबर को स्ट्रीमिंग।

12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर बनी फिल्म है, जो एक सच्ची कहानी को उजागर करती है, चंबल के रहने वाले मनोज कुमार शर्मा और एक आईपीएस अधिकारी बनने के लिए बाधाओं और गरीबी पर काबू पाने की उनकी यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है। यह कहानी देश में शिक्षा प्रणाली की जटिलताओं पर प्रकाश डालती है, यूपीएससी प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों की भावनाओं और संघर्षों की खोज करती है। विक्रांत मैसी के नेतृत्व में फिल्म के कलाकारों की टोली, जिसमें मेधा शंकर, अनंत वी जोशी, अंशुमान पुष्कर और प्रियांशु चटर्जी शामिल थे।

## फिल्म उड़ान जिंदगी की में नजर आएंगे पहलवान संग्राम सिंह, सपने को साकार करने के लिए करेंगे संघर्ष




**बिग बॉस 7 और नच बलिए 7 से पहचाने जाने वाले भारतीय पहलवान संग्राम सिंह जल्द ही अपकमिंग फिल्म उड़ान जिंदगी की में नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में उनके दो रूप दिखाए गए हैं, एक में वह खिलाड़ी के रूप में नजर आ रहे हैं, जो कैमरे की ओर पीठ करके गौरव के साथ खड़े हैं, वहीं दूसरे में वह भारतीय कपड़ों में जमीन पर बैठे हुए दिखाई दिए।**

फिल्म के बारे में बात करते हुए संग्राम ने कहा, फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी बताती है जो एक साधारण परिवार से आता है और खेल में अपना करियर बनाना चाहता है। उनके परिवार में हर कोई उनसे खेल के अपने सपने को पूरा न करने और नौकरी करने को कहता है। वह हार नहीं मानता और अपने सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करता है। उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म एक पिता-बेटे के बंधन के बारे में है और कैसे किसान पृष्ठभूमि से आने वाला बेटा सेना में जाता है। एक समय ऐसा आता है जब उसके पिता आश्वस्त हो जाते हैं, लेकिन जब बेटे को अपने क्षेत्र में सफलता मिलने लगती है तो अंतत: उसके पिता का निधन हो जाता है। यह एक बहुत ही प्रेरणादायक कहानी है और पारिवारिक दर्शकों के लिए बनाई गई है। फिल्म की रिलीज डेट जल्द ही घोषित की जाएगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### 1640 पात्र महिला हितग्राहियों को मिला पीएम उज्जवला योजना का लाभ

**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 1600 से अधिक महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ मिल चुका है। जिससे आज ग्रामीण महिलाएं काफी खुश नजर आ रही है। इस कार्यक्रम के दौरान राजपुर निवासी श्रीमती रूकमणी साहू ने बताया कि पहले चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी की आवश्यकता होती थी, जिससे उठने वाले धुएं से परेशानी होती थी। वहीं खाना बनाने में अधिक समय लगने से अन्य कार्य प्रभावित होता था। लेकिन पीएम उज्जवला योजना से वे सभी परेशानी दूर हुई, समय का बचत हो रही है और खाना बनाना आसान हो गया है।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विकासखण्ड लैलूंगा के 356 महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ मिला है। इसी प्रकार खरसिया में 171, तमनार में 198, रायगढ़ में 256, धरमजयगढ़ में 303, पुसौर में 51 एवं घरघोड़ा में 305 सहित कुल 1640 पात्र महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना से लाभान्वित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ गत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

### दो दिवसीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**गरियाबंद।** स्टार युवा बॉलीबॉल क्लब ग्राम कोदोबतर जिला गरियाबंद के तत्वाधान में दिनांक 23.व 24 दिसम्बर दो दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।गांव में आयोजित दो दिवसीय डे नाइट बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दोपहर 12 बजे सरपंच उपसरपंच एवं ग्राम प्रमुख द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।इस प्रतियोगिता में आसपास के जिलो से आई 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन मुकाबलो में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर तालियां बटोरी।पहले दिन गरियाबंद बारुका, के बीच बेहद रोमांचक मुक़ाबला देखने को मिला जिसमे गरियाबंद की टीम विजेता रही।
इस दौरान ग्राम प्रमुख ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेल में भी अपना कैरियर बना रहे है, खेल प्रेमभावना का प्रतीक हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दम दिखाया। स्टार वालिबॉल ग्राम कोदोबतर के अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भगवान सिंह ठाकुर,चुरावान जांगडे,सोमलल ध्रुव,गैंदराम ध्रुव,सुमार ध्रुव ,मोहित ध्रुव,प्रह्लाद सिंह,राजेश भारद्वाज, भीखम,तरुण,महेत्तर,मनीराम, रजाऊ,संतोष,अनुज सभी के सहयोग व करकमलों द्वारा प्रारंभ हुआ।

पांचवी हेरिटेज वॉक के साथ संपन्न हुई रायपुर हेरिटेज वॉक

# छत्तीसगढ़ के इतिहास-विरासत और संस्कृति से हुए रूबरू

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर (पीआईबी)।** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय द्वारा हेरिटेजवाला, प्रोजेक्ट गेटआउट और अगोरा इकोटूरिज्म के संयुक्त सहयोग से विगत 26 नवंबर 2023 से प्रारंभ होकर रायपुर के विभिन्न स्थलों को केंद्रित कर प्रत्येक रविवार पांच हेरिटेज वॉक की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा था। जिसके अंतर्गत आज रायपुर हेरिटेज वॉक द्वितीय की पंचम एवं आखिरी वॉक रविवार 24 दिसंबर 2023 को आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ के इतिहास, विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के लिए रायपुर में हर रविवार को हेरिटेज वॉक की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही थी जिसका आज समापन आज हुआ। पांचवी वॉक की थीम मैरी क्रिसमस' के साथ सेंट पॉल कैथेड्रल से शुरू हुई, जो सालेम स्कूल, डायोसेस बिल्डिंग, चैपल बिल्डिंग, प्रेसबाइटर हाउस, फ्रीमेसन हॉल जैसे स्थानों को कवर करते हुए सन 1864 निर्मित बिशप बंगलो पर समाप्त हुई।
हेरिटेजवाला के संस्थापक शिवम त्रिवेदी ने प्रतिभागियों को शहर की विरासत के साथ-साथ उनसे जुड़ी कहानियाँ, छत्तीसगढ़ में मिशनरी की शुरुआत की कहानी, विश्रामपुर चर्च की कहानी, सालेम स्कूल एवं राज्य में बालिका शिक्षा के उद्गम, सन 1911 निर्मित फ्रीमेसन हॉल एवं उसकी रहस्यमय कहानियों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट गेटआउट की संस्थापक सुश्री सृष्टि त्रिवेदी, अगोरा ईकोटूरिज्म के संस्थापक भाग्येश दुबे एवं पर्यटन मंत्रालय की तरफ़ से छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय प्रबंधक मयंक दुबे द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और निकट भविष्य में भी इस तरह के आयोजन के लिए चर्चा की गई।
प्रत्येक हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों को रेस्पोंसिबल एवं सस्टेनेबल पर्यटन के प्रति जागरूक किया जाता है एवं ट्रेवल फॉर लाइफ की शपथ भी दिलायी जाती है और प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल से दूर रहने व प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आज आयोजित वॉक का समापन बिशॉप बंगलो में अमृता पाठक द्वारा मिशनरी एवं क्रिस्टियानिटी के कहानी एवं महक राजपाल द्वारा एक खूबसूरत गीत के सत्र के साथ हुआ।

## देश का भविष्य छात्र, भविष्य संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर: उप मुख्यमंत्री



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के एकेडमी वर्ड स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए । उप मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाये गए एग्जिबीशन का अवलोकन किया। उप मुख्य मंत्री श्री साव नन्हे बच्चो की देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी, उनका ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। बच्चों की प्रस्तुति ने समां बांधा।
इसके पश्चात् उन्होंने 2022 की परीक्षा में प्रथम आये संस्था के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। वही नन्हे बच्चो को सुमधुर प्रस्तुति का लुप्त उठाया कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समां बांधा। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आज स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे न केवल पढ़ाई में बल्कि उसके साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल खड़े हैं और अपनी इसी प्रतिभा के दम पर ये बच्चे देश को नंबर एक बनाएंगे।
उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आने के बाद शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना हमारे सरकार की पहली प्राथमिकता है और हम इस दिशा में और बेहतर काम करते हुए अपने स्कूलों को शानदार और विश्वस्तरीय बनायेंगे। स्कूल के शिक्षकों ने भी कड़ी मेहनत कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी। इन सब की बदौलत बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला और और इस सब के दम बच्चे अव्वल आये है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से आम जनों को मिल रही है योजनाओं की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सूरजपुर के सभी विकासखण्ड में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं उनके लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। शिविर स्थल पर प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जिससे कि लोग केंद्र सरकार की योजनाओं से भली-भांति परिचित हो सकें।

कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहन के पहुँचने पर ग्रामीण द्वारा स्वागत किया जा रहा है। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी जा रही है।
शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए जा हैं। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रहीं है।
गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है एवं जरूरतमंद लोगों के आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। शिविर स्थल पर सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना अपना योगदान दे रहे हैं।

# एनआईटी रायपुर में मनाया गया वार्षिक एलुमनी दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के एलुमनी एसोसिएशन द्वारा 24 दिसंबर, 2023 को वार्षिक एलुमनी दिवस 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. एन वी रमना राव रहे। इस आयोजन में 1963,1973, 1988 और 1998 बैच के छात्र सम्मिलित हुए।

सत्र का शुभारंभ स्वागत समारोह के साथ किया गया, जिसके बाद गाजे बाजे के साथ सभी पूर्व छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात् एलुमनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री महेश चांडक के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसके माध्यम से उन्होंने एलुमनी एसोसिएशन का संक्षिप्त परिचय दिया और संस्थान के विकास में इन्क्यूबेशन सेंटर की महत्वता पर जोर दिया। उन्होंने पधारे हुए सभी पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया और स्पोंसर्स एवं दानदाताओं का धन्यवाद दिया।
एलुमनी संगठन के सचिव, अनंत सिंह परिहार द्वारा एसोसिएशन की वार्षिक गतिविधियों की रिपोर्ट को पेश किया गया। परिहार ने एलुमनी एसोसिएशन द्वारा किये गये कार्यों के बारे में बताया कि संगठन द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा एवं अन्य विकास कार्यो में 1.21 करोड़ रुपए खर्च किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गोल्डन टावर का निर्माण भी पूर्व छात्रों के सहयोग से किया गया है। इसके बाद संस्थान के निदेशक डॉ. एन वी रमना राव ने अपने भाषण के साथ सत्र को आगे बढ़ाया और संस्थान के विभिन्न बैचेस के एलुमनी को बधाई दी ।उन्होंने एलुमनी संगठन और संस्थान के बीच परस्पर सहयोग की तारीफकी। इसके बाद 1963 बैच के प्रतिनिधि चंर्द्रतन मुंद्रा ने पूर्व और वर्तमान शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा की यह बहुत गर्व की बात है कि इस संस्थान ने सभी क्षेत्रों में असाधारण इंजीनियर तैयार किए हैं । इस अवसर पर 1973 बैच के एलुमनी पंकज गौतम ने सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया तथा ग्रेजुएशन के 50 साल पूरे होने पर गोल्डन जुबली बैच को बधाई दी और अपने बैचमेट्स की उपलब्धियों पर गर्व अनुभव किया।
इसके बाद 1988 बैच के अनिल नेह्लानी ने अपने बैच की उपलब्धियों का सारांश दिया। उन्होंने शिक्षकों की सराहना की और सत्र के आयोजन के लिए पूर्व छात्र संघ को धन्यवाद दिया7 इसके साथ ही 1988 बैच के सभी एलुमनी द्वारा संस्थान को एक गोल्फकार्ट भी उपहार दी गई।
1998 बैच के अतुल द्विवेदी ने सभी उपस्थित बैचों का आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि कैसे इस उत्सव ने पूरे पूर्व छात्र समुदाय को एकजुट किया। उत्सव का समापन दोपहर के भोजन के साथ हुआ और इस दौरान पूर्व छात्रों ने अपने-अपने विभागों का भी दौरा किया और अपने पढ़ाई के दिनों की यादें ताजा की।

# दिवा ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 ब्यूटी पेजेंट का आयोजन हुआ संपन्न





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** एस एस फाउंडेशन द्वारा दिवा ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 ब्यूटी पेजेंट का आयोजन रायपुर के होटल ट्रयटोन में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से 25 प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड ऐक्ट्रस स्नेहा उल्लाल आई हुई थी।

स्नेहा उल्लाल ने सभी प्रतिभागीयो को प्रेरक भाषण दिए और सभी को कुछ आगे बढ़ने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। इस कार्यक्रम में दो राउंड्स थे पहला छत्तीसगढी गेट अप राउंड और दूसरा वेस्टर्न राउंड, पहले राउंड में सभी प्रतिभाओं ने छत्तीसगढी वेशभूषा को पहनकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया वही दूसरे राउंड में गाउन पहकर अपना प्रदर्शन बहुत अच्छे तरीको से दिया।
इस कार्यक्रम के आयोजक शिखा साहू का मुख्य उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओ की कमी नही है सभी में कुछ ना कुछ हुनर होता है हम इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी प्रतिभावो को सामने लाते है और उनकी प्रतिभा को सभी के सामने उजागर करके उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस कार्यक्रम में विजेता के रूप में किट्स में रिशा, मिस टिन में प्रियेशा, मिस में पूजा, मिसेस (गोल्ड) में किरण, मिसेस (क्लासिक) में ममता, मिसेस (प्लेटिनम) में जागृति रही। फर्स्ट रनर अप इशिका, अनिशा, अंकिता, रश्मि रही। सेकंड रनर अप चंचल, रोश, नैनशि, श्वेता शर्मा रही। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीयो के निर्णय के लिए निर्णायक के रूप में झिलमिल बेनजी, आंकाझा सिंह राजपूत, प्राची सोनी, दिपांशी धोष, स्वाति दास, सोनम श्रीवास्तव रही। इस कार्यक्रम में शिखा साहू ने अपने अगला कार्यकम इंडिया इंटरनेशनल का आयोजन जो कि गोवा में होने वाला है। साथ ही साथ शिखा का पहला एल्बम सांग का भी लॉन्चिंग बॉलीवुड ऐक्ट्रस स्नेहा उल्लाल द्वारा किया गया।
ग्रुमिंग सिखाने के लिए सार्थक चौधरी, माइक संचालन के लिए अमन साहू कैमरा मैन किशन देवागन और समर्थन में लिए सुभाष मलिक, देवेश, नागरा ब्रदर्स, अनशुमन सर, अनुज चुके रहे। शिखा साहू ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## जिले का पहला पीएम जन औषधि केंद्र मेडिकल कॉलेज में हुआ शुरू

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से मिलने वाली सस्ती जेनेरिक दवाइयां इलाज के दौरान मरीजों को भारी भरकम खर्च से राहत दे रही हैं। केंद्र सरकार की इस योजना से रायगढ़ जिले वासियों को लाभान्वित करने जिले का पहला पीएम जन औषधि केंद्र रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज में खोला गया है।
मेडिकल कॉलेज के परिसर में पीएम जन औषधि केंद्र का शुभारंभ बीते 22 दिसंबर से हुआ है। जहां से मरीज और आमजन काफी कम कीमतों में दवाइयां खरीद सकते हैं। यहां 1759 उच्च गुणवत्ता युक्त दवाईयां और 280 सर्जिकल आइटम्स 50 से 90 प्रतिशत की भारी छूट के साथ मरीजों को मिल रही हैं।
जन औषधि केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज ने बताया कि इस जन औषधि केंद्र से मरीजों को सस्ती कीमत में दवाएं मिलेंगी। जिससे यहां इलाज के लिए दूर-दूर से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक जन औषधि केंद्र संचालित रहेगा। जिसे 24 घंटे संचालित करने की योजना है। गौरतलब है कि लोगों को अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां कम कीमत में मुहैय्या कराने के उद्देश्य से पीएम जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इससे जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलने के साथ इलाज में होने वाले खर्च में कमी आ रही है।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### शराब का अवैध परिवहन करते हुए पुलिस ने पकड़ा, बाइक भी जब्त

**जांजगीर (ए)।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले एक व्यक्ति को नवागढ़ पुलिस ने पकड़ा है और आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। नवागढ़ पुलिस ने आरोपी के पास से 40 पाव शराब और बाइक जब्त किया है।

नवागढ़ पुलिस के अनुसार खैरताल निवासी आरोपी कैलाश कश्यप गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए बाइक सीटी 100 में शराब लेकर खैरताल तरफजा रहा है। पुलिस ने उसे रोका आरोपी कैलाश कश्यप की तलाशी ली और आरोपी के पास से 30 पाव देसी और 10 पाव अंग्रेजी शराब बरामद कर उसके खिलाफ कार्रवाई की है।

### रफ्तार का कहर: डिवाइडर से टकराकर स्कॉर्पियो पलटी

**बिलासपुर (ए)।** जिले में बड़ा हादसा हुआ है। जहां स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना में स्कोर्पियो के चालक और वाहन में सवार हुए लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। घायलों को इलाज के लिए सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि, रिंग-2 में नर्मदा नगर चौक के पास ये भीषण हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, नेहरू नगर से रिंग रोड 2 की स्कोर्पियो सवार जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ। अब तक स्कोर्पियो चालक व उसमें सवार लोगों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी पर सिविल लाइन पुलिस जांच में जुट गई है।

### बिलाईगढ क्षेत्र में अब तक 200 क्विंटल धान और 1 ट्रेक्टर जब्त

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (ए)।** कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के गावों में खाद्य विभाग और मंडी समिति भटगांव ने धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर छापामार कार्यवाही की है।भटगांव में अब तक जप्त धान में ग्राम गिरसा के भगतराम साहू और हेमलाल साहू से 30-30 बोरा के कुल 24 क्विंटल, ग्राम दुरुग के ऋषि अग्रवाल से 28 बोरा कुल 11 क्विंटल, ग्राम पवनी के रामकृष्ण साहू से 84 बोरा कुल 33 क्विंटल और झुमुक साहू से 63 बोरा कुल 25 क्विंटल, ग्राम गिरवानी के तीरथराम साहू से 53 बोरा के कुल 21 क्विंटल, ग्राम बांसउरकुली के नारायण प्रसाद साहू से 215 बोरा कुल 86 क्विंटल धान जप्त किया गया है। इसमें रामकृष्ण साहू का एक ट्रेक्टर भी जप्त किया गया है। कुल धान जप्ति में 503 बोरा है, जिसका मात्रा 200 क्विंटल है।

# जनशताब्दी एक्सप्रेस के छह कोच से 313 स्नैक्स ट्रे तोड़कर चुरा ले गए बदमाश

## नाबालिग सहित सात आरोपी आरपीएफकी गिरफ्त में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया ईस्ट यार्ड से हुई थी चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया सेक्शन रेलवे स्टेशन ईस्ट यार्ड से जनशताब्दी एक्सप्रेस के छह स्पेयर कोच से अज्ञात चोरों ने 313 स्नेक्स ट्रे तोड़कर चुरा लिए। चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफव जीआरपी ने मोर्चा संभाला। मामले की छानबीन में जुटी आरपीएफ ने नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उनके कब्जे ट्रे के टुकड़े के अलावा अपराध में उपयोग की गई गाड़ी बरामद की है।




बता दें जनशताब्दी में स्ननैक्स ट्रे चोरी होने का पहला मामला 16 दिसंबर को सामने आया था। मेंटेनेंस के पहले सीएंडडब्लयू व आरपीएफ संयुक्त निरीक्षण कर रहे थे। तभी उनकी नजर तीन कोच पर लगे स्ननैक्स ट्रे पर पड़ी। इस अतिरिक्त कोच से 166 स्नैक्स ट्रे गायब थे। दूसरी घटना रविवार की सुबह सामने निरीक्षण के दौरान फिर सामने आई। अज्ञात चोरों ने तीन और स्पेयर कोच में लगे 147 स्ननैक्स ट्रे तोड़कर चोरी कर लिया था। इस संबंध में गोंदिया आरपीएफ पोस्ट में अज्ञात चोरों के खिलाफआरपीयू एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

जांच के दौरान गोंदिया पोस्ट व आरपीएफ सीआइबी टीम को रविवार की शाम तीन नाबालिग समेत दो अन्य आरोपित गोंदिया निवासी नवीन भालाधरे उर्फ नव्या व आदर्श गजभिये को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में दो खरीददार दिलीराम व राजकुमार बड़गे को पकड़ा गया। यह दोनों भी गोंदिया के रहने वाले हैं। वहीं एक अन्य आरोपित मुकेश रामटेके फरार हैं।

### नशे के लिए दिया घटना को अंजाम

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह चोरी नशे के लिए किया था। सभी आरोपी नशे के आदी हैं और इसी लत व शौक को पूरा करने के लिए सुनसान जगह पर में खड़े इस स्पेयर कोच से चोरी करने की योजना बनाई है। कोच का दरवाजा खुला होने व अंधेरे का फायदा उठाते हुए कोच में घुसे और स्नैक्स ट्रे को तोड़कर उन्हें 90 रुपये किलो के भाव से बेच दिया। आरपीएफ टीम द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी बड़े स्टेशनों में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने नियमित जांच कर रही है।

गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से चोरी गई रेल संपत्ति स्नैक्स ट्रे के छोटे - छोटे टुकड़े 124 किलो व चोरी में उपयोग की गई गाड़ी जब्त की गई है।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर से लाखों की चोरी, प्रिंटर और डीवीआर को किया आग के हवाले



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शांति नगर इलाके से प्रापर्टी डीलर के यहां लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक गाइन जो की प्रापर्टी डीलर है।

उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर से लाखों रुपये की नकदी चोरी हुई है। दीपक ने बताया कि जिस समय चोरी हुई उस समय वह घर के ऊपर के हिस्से में थे। जब नीचे गया तो देखा कि अलमारी से पैसे गायब थे। घर में उसे दौरान काम करने वाली बाई भी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जिस रूम में चोरी हुई है। वह प्रापर्टी डीलर दीपक का ऑफिस रुम था, वहां रखा प्रिंटर, दस्तावेज और डीवीआर जल गए हैं। पुलिस को आशंका है कि आग लगने के बाद अचानक से बुझ कैसी गई और फैली कैसे नहीं। पुलिस हर तथ्यों पर जांच कर रही है। सबके बयान दर्ज कर रहे हैं।

# महासमुंद में बुजुर्ग ने युवक को धारदार हथियार से मारा, प्रताड़ना का लिया बदला





**महासमुंद (ए)।** महासमुंद के सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलसोंड़ा में एक युवक पर बुर्जुग ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी अनुसार रविवार की दोपहर करीब 2.30 बजे बेलसोंड़ा निवासी सागर चंद्राकर 27 वर्ष को इस गांव के रहने वाले रमेश चंद्राकर 69 वर्ष के बीच विवाद हुआ। इस विवाद में रमेश चंद्राकर ने मांस काटने के कत्ता से युवक पर ताबड़तोड़ कई बार कर लहूलुहान कर दिया।

### डॉक्टरों ने घायल को रायपुर रेफर किया

युवक को मृत समझकर आरोपी मौके से चला गया। बाद में ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने गंभीरता को देखते हुए युवक को रायपुर रेफर कर दिया है।

### धारदार हथियार से किया हमला

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घायल सागर चंद्राकर उसे प्रताड़ित किया करता था। इसके अलावा आये दिन उसके साथ मारपीट भी करता था, जिससे खीझ में आकर प्रताड़ना का बदला लेने के लिए धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# बलौदाबाजार में 2400 किलो महुआ लहान और 35 लीटर कच्ची शराब जब्त, आरोपियों की तलाश जारी

**बलोदा बाजार (ए)।** बलौदाबाजार जिले में आबकारी विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त और कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर रविवार को 2400 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। साथ ही 35 लीटर कच्ची शराब की जब्ती की गई। पूरा मामला कसडोल पुलिस थाना क्षेत्र के घटमड़वा गांव का मामला है।

इसी तरह ग्राम भैंसमुड़ा में 1200 किलो ग्राम महुआ लहान जब्त किया गया है। वहीं विभाग कच्ची महुआ शराब को कब्जा में लेकर आबकारी ने महुआ लाहन का विधिवत नष्टीकरण किया गया।



### 2 लाख से अधिक की सामग्रियों की जब्ती

वहीं जब्त समाग्री का बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 19 हजार 500 रुपये बताई जा रही है। आबकारी ने बड़ी मात्रा में किए गए कार्रवाई को लेकर कच्ची शराब बनाने वालों में काफी दहशत है, जो भूमिगत हो चुके हैं। वहीं विभाग अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) 34(1)(क)(च ) का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कार्रवाई में ये लोग रहे मौजूद

आरोपियों की पतासाजी कर रही है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक जैलेश सिंह, दिनेश कुमार साहू, मोतिन बंजारे और आबकारी प्रधान आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, दुर्गेश्वरी, शीतल यादव का विशेष योगदान रहा।

# आदिवासी युवती को 2 लाख में बेचा, 4 साल तक बनाए रखा बंधक

**कवर्धा (ए)।** कुकदूर थाना क्षेत्र की एक आदिवासी युवती को 2 लाख रुपए बेचने और फिर जबरन शादी कर दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवती करीब 4 साल तक आरोपियों के चंगुल में रही। नाटकीय तरीके से वापस अपने गांव पहुंची। थाने जाकर जब पुलिस को आपबीती बताई, तो सुनकर पुलिस के भी होश उड़ गए। कबीरधाम जिले में मानव तस्करी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले वर्ष 2017 में एक केस सामने आया था।



मामला दिसंबर 2018 की है। पीड़ित युवती कुकदूर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। मवई (मप्र) की रहने वाली ममेरी बहन उसे काम दिलाने के बहाने दिल्ली ले गई थी, जहां कुछ दिन एक डॉक्टर के घर झाड़ू-पोंछा लगाने काम की। काम में मन नहीं लगा, तो पीड़ित युवती ने अपनी ममेरी बहन से अपने गांव लौटने की इच्छा जताई। इस बीच ममेरी बहन ने रोहतक (हरियाणा) के सनी सूर्या के पास 2 लाख रुपए में उसे बेच दिया। आरोपी सनी ने पीड़ित युवती से जबरन शादी की। करीब 4 साल तक घर में बंधक बनाकर रखा। इस बीच आरोपी सनी व उसका पिता जय भगवान सूर्या पीड़िता से लगातार दुष्कर्म करते रहा।

### थाने जाकर एफआईआर दर्ज कराई

घरवालों से राय-शुमारी के बाद पीड़ित युवती कुकदूर थाने पहुंची। पिछले 4- 5 साल तक जो जुल्म सही, वह आपबीती सुनाई,, जिससे पुलिस के भी होश उड़ गए। कुकदूर थाना प्रभारी सावन सारथी ने बताया कि मामले में धारा 363, 366, 370, 376(2)(एन), 376(डी), 506 के तहत एफआईआर दर्ज किया है। काम दिलाने के बहाने युवती को बेचने वाली उसकी ममेरी बहन, आरोपी सनी सूर्या और जय भगवान सूर्या के खिलाफ अपराध दर्ज हुआ है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने कार्रवाई की जाएगी।

### डर-डर के फोन पर घरवालों से करती थी बात

रोहतक (हरियाणा) में आरोपी सनी पीड़िता को उसके घरवालों से बात करने देता था। लेकिन जब तक वह बात करती, वह सामने रहता था। ताकि वह आपबीती घरवालों को न बता दें। जिससे कि वे थाने जाकर शिकायत न करें। डर-डर के पीड़िता फोन पर घरवालों से बात करती। एक दिन मौका पाकर पीड़िता ने अपने पिता को पूरी घटना बताई। लेकिन आरोपी की धमकी के डर से बेटी की सुरक्षा के लिए घरवाले भी थाने में शिकायत नहीं किए थे।

### इस तरह हुई वापसी

पीड़िता का पति सनी सूर्या लेबर ठेकेदार है। उसे मजदूरों की जरूरत थी। पीड़िता ने फोन पर अपने पिता को जब यह बात बताई, तो उन्हें अपनी बेटी को गांव वापस लाने की तरकीब सूझी। पिता के कहे मुताबिक पीड़िता ने अपने पति से कहा कि उसके गांव में 30-40 मजदूर हैं, जो काम करने को तैयार हैं। इस पर आरोपी सनी व उसका पिता पीड़िता को लेकर रोहतक से कुकदूर स्थित गांव पहुंचे।

### दिल्ली में डॉक्टर के घर काम दिलाया

दिसंबर 2018 में मवई (मप्र) में रहने वाली मेरे मामा की बेटी से फोन पर बात हुई थी। तब उसने मुझे दिल्ली में काम दिलाने को कहा। मैंने भी हामी भर दी। एक दिन वह गांव आई और मुझे लेकर दिल्ली चली गई। वहां एक डॉक्टर के घर मुझे काम दिलाई। मैं वहां झाड़ू-पोंछा लगाती थी। कुछ महीने काम की, फिर घर की याद आने लगी। मैंने बहन से कहा, तो वहीं दिल्ली में उसने मुझे सनी (आरोपी) से मिलवाया। बोली कि उसने मुझे 2 लाख रुपए में सनी को बेच दिया है। सनी मुझे रोहतक (हरियाणा) ले गया, जहां आर्य मंदिर में जबरन शादी की। घर में मुझे बंधक की तरह रखा था। सनी व उसके पिता ने मेरे साथ कई बार दुष्कर्म किया। दुष्कर्म से मुझे एक बच्चा भी हुआ, जो 2 साल का है। मैं तो चंगुल से निकल गई, लेकिन मेरे बच्चे को सनी अपने साथ ही रखा है।

( जैसा कि पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया )

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### बीएसपी सोसाइटी सेक्टर-6 ने रिटायर कर्मियों को दी ससम्मान विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह नवंबर-2023 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी के सदस्य और भिलाई स्टील प्लांट के कर्मी होने के नाते हम सबका एक आत्मीय रिश्ता है,जो हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि इन रिटायर कर्मियों की बदौलत ही हमारी सोसाइटी ने उच्च प्रतिमान स्थापित किए हैं।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने विधायक सेन एवं यादव का किया सम्मान

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात् नवनिर्वाचित विधायक रिकेश सेन एवं देवेंद्र यादव का भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने तिलक लगाकर परमात्म स्मृति सौगात देकरसम्मानित किया। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने आप दोनों को कहा कि भिलाई की जनता ने जो सेवा की जिम्मेवारी का ताज आपको दिया है , इस सुअवसर को आप अपनी मेहनत द्वारा भिलाई को पुरे भारत वर्ष में रोल मॉडल के रूप में स्थापित करें । वैशाली नगर विधान सभा विधायक रिकेश सेन ने ब्रह्माकुमारी संस्था की विश्वव्यापी अथक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा की हमें आप सभी के जीवन से प्रेरणा मिलती है बेहतर कार्य करने की ,आप सभी का स्नेह, मार्गदर्शन, आशीर्वाद सदा बना रहे। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा की इस प्रांगण में आकर शांति की जो अनुभूति होती है वह हमें बहुत शक्ति प्रदान करती है ।

# आधी रात को हुआ प्रभु यीशु का जन्म, केक काटकर मनाई खुशियां, गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** इस्पात नगरी में सोमवार को प्रभु यीशु का जन्मोत्सव यानी क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रविवार-सोमवार दरमियानी रात को प्रभु यीशु के जन्म हुआ और मसीही समाज के लोगों ने गिरिजाघरों में केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी और क्रिसमस सेलीब्रेशन किया। रात भर गिरजाघरों में रौनक रही। कैरोल गीतों पर लोग झूमते रहे। वहीं सोमवार की सुबह सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में मसीही समाज के लोगों ने प्रार्थना की। बाइबल के पाठ के साथ ही यीशु मसीह के जन्म की कथा सुनाई गई।





भिलाई को मिनी भारत का दर्जा मिला हुआ है और यहां सभी धर्म के मानने वाले बड़ी संख्या में निवास करते हैं। ऐसे में सभी एक दूसरे के पर्व का सम्मान भी करते हैं। इस वर्ष क्रिसमस को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता दिखी। एक दिन पहले रविवार को सभी चर्चों में रौनक रही। क्रिसमस व प्रभु यीशु के जन्म की तैयारियां होती रही। चर्चो को फूलों, गुब्बारों और रंगबिरंगे चांद-सितारों, बिजली के झालरों से सजाया गया। चर्च प्रांगण में प्रभु यीशु के जन्म स्थान को गोशाला के रूप में प्रदर्शित किया गया। झोपड़ी में भेड़, गड़रिये, मजीषियों, ज्योतिषियों की झांकी सजाई गई। कैरोल गीतों की सुमधुर प्रस्तुति ने मसीहीजनों को भक्तिभाव में डुबो दिया।

### प्रार्थना सभा के बाद लोगों ने दी एक दूसरे को बधाई...

प्रभु यीशु के जन्म के बाद देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, मनाई खुशी इससे पहले युवा और बच्चे एक-दूसरे से पर्व की खुशियां बांटने में जुटे रहे। हर जगह गैदरिंग कर यीशु के आने का संदेश दिया गया। इस दौरान पटाखें फोड़े गए और जमकर आतिशबाजी की गई। इसके बाद सभी गिरिजाघरों में सोमवार की सुबह विशेष प्रार्थना सभा हुई। सभी ने बाइबिल का पाठ किया और प्रभु यीशु के जन्म की कहानी सुनी। चर्चों में पवित्र प्रार्थना, जन्म प्रार्थना व सामूहिक प्रार्थना के बाद लोगों ने 'बड़ा दिन मुबारक हो के नारे के साथ एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।

# महापौर बाकलीवाल ने की प्रदर्शनी की सराहना और छात्रों का किया उत्साहवर्धन

श्रीकंचनपथ न्यूज़

दुर्ग। नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल,खेल खुद एवं शिक्षा विभाग प्रभारीमनदीप सिंह भाटिया,पार्षद प्रकाश जोशी के साथ अतुल्यम -3.0 आईएनएसडी इंटरनेशनल स्कूल ऑफडिजाइन नेहरू नगर में लगें दो दिवसीय फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग की प्रदर्शनी में पहुँचे।



आईएनएसडी भिलाई के डायरेक्टर विनोद सोनी एवं संदीप कौर एवं उनकी टीम द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल का फूलगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने पूरे प्रदर्शनी में घूमकर इंटीरियर डिजाइनिंग प्रदर्शनी को देखकर प्रदर्शनी की सराहना की और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।प्रदर्शनी में डिजाइनर कपड़े, शिल्पकार से बनी ज्वेलरी,विभिन्न प्रकार के कुशन कवर, लटकन, बैग, डिजाइनर शू,और चूड़ियां रखी गईं।इंटीरियर डिजाइनिंग विद्यार्थियों ने गैरेज कैफे, रिटेल स्टूडियो और किड्स ड्रीम जोन बनाया। गैरेज कैफे में अनुपयोगी सामान जैसे गाड़ी के टायर से बैठक, तेल के पुराने ड्रम से सोफा, कारों के उपकरणों से लैंप, ट्रकों की छन्नियों से टेबल और रिसेप्शन डायस, साइकल के पार्ट्स से घड़ियां आदि बनाकर रखे गए। रिटेल स्टूडियो में डिजाइनर ड्रेसेस का शोरूम स्टूडियो भी बनाया गया।नेहरू नगर स्थित संस्था में 23 व 24 तक लगाई गई दो दिवसीय प्रदर्शनी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने प्रदर्शनी की सराहना की और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही इस तरह की प्रदर्शनी के होते रहने पर जोर दिया ताकि वेस्ट से बेस्ट बनाने वाले छात्रों को और फैशन तथा इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में काम करने वालों को एक मंच मिल सकेगा।

इसका फ ायदा सभी छात्र-छात्राओं को मिलेगा। छात्रों ने किड्स जोन को बनाया मोस्ट कलरफुल प्रदर्शनी में फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने बच्चों के लिए कलरफुल ड्रीम्स की तरह किड्स ड्रीम जोन को बहुत ही कलरफुल तरीके से बनाया। इसी तरह कैनवास पेंटिंग, फ ोटो फ्रे म, नेल आर्ट पेंटिंग, शिल्पकार पेंटिंग, मॉडल्स और क्ले मॉडलिंग को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया।उन्होंने कहा नई प्रतिभाओं को लाने की बात कही। संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय फैशन एवं इंटीरियर एक्जिबीशन का निरीक्षण कर वहां पढ़ने वालों छात्रों को प्रोत्साहित किया।नेहरू नगर स्थित इस आईएनएसडी भिलाई के डायरेक्टर विनोद सोनी एवं संदीप कौर व उनकी टीम को बधाई दी कि वह इन बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर इनके उज्जवल भविष्य बनाने का कार्य कर रहे है।नई सोच व नये विचार के साथ व समयानुसार चलने से इन छात्र छात्राओं को भविष्य में लाभ होगा। परंपरागत व सोच तथा नई टेक्नालॉजी से इन बच्चों द्वारा बनाये गये उत्पाद से शहर के लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। युवा आगे बढे,व इस संस्था में अध्ययनरत जो बच्चे है वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छग व दुर्ग भिलाई का नाम रौशन करें।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950